Weather Report
अधिकतम तापमानः 32.0c
न्यूनतम तापमानः 21.0c
हवा गतिः 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबहः 6.06

दैनिक
sanjeevnitoday.com
# संजीवनी टुडे
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्षः 11 अंकः 10 जयपुर, शुक्रवार, 14 जून 2024 पृष्ठः8 मूल्यः '1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

### हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

# ईडी ने हाईकोर्ट में कहा- पूर्व सीएम को जमानत मिलती है तो जांच होगी प्रभावित

■ संजीवनी टुडे

रांची। जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में पिछले तीन दिनों तक सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। गुरुवार को ईडी की ओर से वकील एसवी राजू ने पक्ष रखते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को जमानत नहीं दी जा सकती है। वह प्रभावशाली व्यक्ति हैं। उन्हें जमानत मिल जाता है तो जांच प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि राज्य की मिशनरी का इस्तेमाल करते हुए वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं, क्कने कोर्ट को बताया कि हेमंत सोरेन ने अवैध तरीके से बड़गाईं अंचल की 8.86 एकड़ जमीन पर कब्जा किया है। यह पीएमएलए-2002 में निहित प्रावधानों के अनुसार मनी लांड्रिंग है। हालांकि, हेमंत सोरेन का पक्ष सुप्रीम कोर्ट के वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने रखा। उन्होंने कहा कि इस केस में मनी लांड्रिंग का मामला नहीं बनता है। यह पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध का मसला है। उन्होंने कहा कि क्कअपनी चार्जशीट में जिस जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की बात कही है, वह महज उनका अनुमान है। इससे पहले हेमंत सोरेन के वकील ने कोर्ट को बताया कि जिस 8.86 एकड़ जमीन को लेकर ईडी कार्रवाई कर रही है, वह उनके नाम है ही नहीं।



### 13 मई को पीएमएलए कोर्ट में याचिका हुई थी खारिज

नियमित जमानत को लेकर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी की विशेष अदालत में याचिका दाखिल की थी। उन्होंने गलत तरीके से आरोपी बनाने का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी। स्पेशल कोर्ट में इस याचिका पर सुनवाई भी हुई। ईडी की स्पेशल कोर्ट ने 13 मई को हेमंत सोरेन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।इससे पहले हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई थी। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल पूर्व सीएम की पैरवी कर रहे थे।

### सरकारी अफसर जमीन कब्जा करने के सिंडिकेट में हैं शामिलः ईडी

ईडी ने अपना पक्ष रखने के क्रम में बताया कि राज्य की सरकारी जमीन पर कब्जा करने के लिए सिंडिकेट काम कर रहा था। इसमें पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और उनके अधिकारी भी मदद कर रहे थे। ईडी ने अदालत को बताया कि भानु प्रताप प्रसाद, सद्दाम हुसैन एवं अन्य लोग सरकारी जमीनों का फर्जी दस्तावेज बनाते थे। फिर नए दस्तावेज के आधार पर जमीन पर कब्जा करते थे। ईडी ने कोर्ट को बताया कि जमीन का असली मालिक राजकुमार पाहन ने जमीन पर कब्जा होने की शिकायत सक्षम अधिकारी से की थी। उसे मुक्त करने का आग्रह संबंधित अधिकारी से किया था। सोरेन ने इस प्लॉट पर गैर कानूनी तरीके से साल 2009-10 में कब्जा जमाया था। इस जमीन पर बाउंड्री वॉल भी बना दी गई है। इस प्रॉपर्टी का दो सर्वे ईडी ने किया था। याचिका की सुनवाई के पहले दिन लगभग दो घंटे तक बहस चली। अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस करते हुए अदालत में कहा कि जिस जमीन को लेकर मामला चल रहा है, वह भूईहरी नेचर की है।

### हेमंत सोरेन के आदेश पर ही विवादित जमीन के सत्यापन का दिया गया निर्देश

ईडी ने कोर्ट को यह भी बताया कि जब अभिषेक प्रसाद पिंटू से पूछताछ की गई थी, तब उसने ही बताया कि हेमंत सोरेन के निर्देश पर ही उन्होंने सीएमओ में कार्यरत उदय शंकर को बरियातू की विवादित जमीन का सत्यापन का निर्देश दिया था। इसके बाद उदय शंकर ने बड़गाईं के तत्कालीन अंचलाधिकारी मनोज कुमार को उक्त जमीन का सत्यापन करने को कहा था। भानु प्रताप अवैध कब्जे से जुड़ी गतिविधियों में हेमंत सोरेन की मदद कर रहे थे। ईडी सिविल मामले को क्रिमिनल बना रही है। ऐसे में उन्हें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की तर्ज पर जमानत दी जाए। वहीं 12 जून को हुई दूसरी सुनवाई में ईडी ने अपना पक्ष रखा। ईडी की ओर से एडवोकेट एसवी राजू ने हाईकोर्ट को बताया कि हेमंत सोरेन बरियातू के बड़गाईं की 8.86 एकड़ की जिस जमीन को लेकर अपनी अनभिज्ञता बता रहे हैं, दरअसल में वह जमीन उनके नाम से ही है। इस बात की पुष्टि खुद पूर्व सीएम के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद पिंटू ने अपने बयान में की है। यही बात बड़गाईं अंचल के सीओ और राजस्व कर्मी भानु प्रताप ने भी पूछताछ में कही है। इसका स्थानांतरण नहीं हो सकता है। ईडी उक्त जमीन पर प्रार्थी के कब्जे की बात कह रहा है। जबकि जांच एजेंसी के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं है जो यह बताए कि जमीन कब्जे में है।

### नीट के 1563 कैंडिडेट्स की दोबारा परीक्षा का प्रस्ताव

# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- 23 जून को परीक्षा होगी, 30 जून तक रिजल्ट मिलेगा

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। नीट एग्जाम में गड़बड़ियों को लेकर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। केंद्र की ओर से प्रस्ताव रखा गया कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट के स्कोरकार्ड निरस्त होंगे। इसके बाद बिना ग्रेस मार्क्स के स्कोर कार्ड जारी किए जाएंगे। याचिकाकर्ताओं ने नीट परीक्षा में 1563 कैंडिडेट्स को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर आपत्ति जताई थी। एनटीए ने इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। इस कमेटी ने 10, 11 और 12 जून को बैठक की। कमेटी ने सुझाव दिया है कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के स्कोरकार्ड निरस्त किए जाने चाहिए और इनके लिए दोबारा परीक्षा कराई जानी चाहिए। इन स्टूडेंट्स को उनके बगैर ग्रेस मार्क्स वाले ओरिजिनल स्कोर भी बताए जाने चाहिए। एग्जाम में गड़बड़ी की शिकायत पर कई राज्यों के हाईकोर्ट में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। ऐसे में जहां भी ग्रेस मार्क्स को लेकर याचिका लगाई गई है वहां सुप्रीम कोर्ट का आदेश ही लागू होगा। परीक्षा में शामिल 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स दिए गए जो गलत है। मौजूदा रिजल्ट के बेस पर हो रही काउंसलिंग को रोका जाए। इनमें से गुरुवार को ग्रेस मार्क्स के मुद्दे पर सुनवाई हुई है। वहीं पेपर लीक के आरोप की याचिका पर 8




जुलाई को सुनवाई होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि नीट परीक्षा में केवल ग्रेस मार्क्स की समस्या नहीं थी। इसमें धांधली, पेपर लीक और भ्रष्टाचार हुआ है। परीक्षा में बैठे 24 लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य मोदी सरकार के कारनामों से दांव पर लग गया है। परीक्षा केंद्र और कोचिंग सेंटर का एक नेक्सस बन चुका है, जिसमें पैसे दो-पेपर लो का खेल खेला जा रहा है। पिछले दस साल में मोदी सरकार ने पेपर लीक और धांधली से करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है। केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेपर लीक के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसका कोई सबूत नहीं है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'एनटीए पर भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं। यह एक बहुत ही विश्वसनीय संस्था है।

### बिभव कुमार की जमानत याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई

# निचली अदालत ने जमानत देने से इनकार किया था, स्वाति मालीवाल से बदसलूकी का आरोप

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। तीस हजारी कोर्ट ने 8 जून को बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने कहा था कि अगर आरोपी को रिहा किया जाता है तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। इसके बाद बिभव ने हाईकोर्ट का रुख किया था। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर हमला करने का आरोप है। उन्हें 18 मई को गिरफ्तार किया गया था और 14 जून तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया था। बिभव ने 29 मई को याचिका लगाकर अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए मुआवजे और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की मांग की थी। जस्टिस शर्मा ने इस मामले में दिल्ली पुलिस और बिभव कुमार के वकीलों की दलीलें सुनीं हैं। बिभव की याचिका पर पहले जस्टिस नवीन चावला की बेंच सुनवाई करने वाली थी। हालांकि, जस्टिस चावला ने मामले को जस्टिस शर्मा की बेंच को ट्रांसफर कर दिया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार (31 मई) को स्वाति मालीवाल मामले में जनहित याचिका दायर करने वाले वकील संसारपाल सिंह को फटकार लगाई। याचिकाकर्ता ने मारपीट मामले में मीडिया को रिपोर्टिंग करने से रोकने की मांग की गई थी। इस पर कोर्ट ने कहा कि जब पीड़ित (मालीवाल) खुद सामने आकर केस को लेकर बात रही हैं, तो याचिकाकर्ता को क्या दिक्कत है। आप कौन होते हैं कुछ कहने वाले। पीड़ित शिकायत नहीं कर रही हैं, लेकिन आप शिकायत कर रहे हैं। बिभव पर आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम हाउस में मारपीट का आरोप है। उन्हें 18 मई को सीएम हाउस से गिरफ्तार किया गया था। बिभव कुमार ने 25 मई को ट्रायल कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी, जिस पर 27 मई को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान स्वाति भी कोर्ट में मौजूद थीं। बिभव के वकील हरिहरन ने सुनवाई के दौरान आरोप लगाया कि जब सेंसिटिव बॉडी पार्ट्स पर चोट के निशान नहीं मिले तो गैर इरादतन हत्या की कोशिश का सवाल ही नहीं है।



### दिल्ली पुलिस ने जताई थी याचिका पर आपत्ति

दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील संजय जैन ने सुनवाई के दौरान बिभव की याचिका पर आपत्ति जताई और कहा कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। बिभव के वकील एन हरिहरन ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तारी मेमो और गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया है। यह मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मुद्दा है, जिसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने 27 मई को बिभव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अगले दिन यानी 28 मई को बिभव को कोर्ट ने 3 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा था।

### भारत का पाक-चीन को जवाब- जम्मू-कश्मीर पर दखलंदाजी न करें

# यह हमारा अभिन्न हिस्सा, दोनों देश बोले थे-मुद्दे को यूएन चार्टर के मुताबिक हल करें

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। भारत ने चीन और पाकिस्तान के जम्मू-कश्मीर पर दिए गए बयान को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार (13 जून) को कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। दरअसल, 7 जून को बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। बैठक के बाद जारी हुए जॉइंट स्टेटमेंट में चीन ने कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर में भारत की एकतरफा कार्रवाई का विरोध करता है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से इस मुद्दे को लेकर विवाद रहा है। इस मसले को शांति के साथ यूएन चार्टर और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के तहत हल किया जाना चाहिए। इसके बाद गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मामले में किसी भी देश को टिप्पणी या दखलंदाजी करने का हक नहीं है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 7 जून को द्विपक्षीय मीटिंग हुई थी। सीपीईसी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्तिस्तान इलाके से भी गुजरता है, जिस पर भारत का दावा है।



### 'इकोनॉमिक कॉरिडोर का काम भारत के हिस्से वाली जगह में मंजूर नहीं'

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर यानी एघ्क्ए का कुछ काम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में होना है। भारत इस क्षेत्र में होने वाले किसी भी काम का विरोध करता है। दरअसल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन दौरे के दौरान जिनपिंग ने एक बैठक में सीपीईसी के तहत हाईक्वालिटी डेवलपमेंट और पहले से चल रही परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर सहमति जताई थी। चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरुआत 2013 में की गई थी। इसमें पाकिस्तान के ग्वादर से चीन के काश्गर तक 50 बिलियन डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपए) की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। इसके जरिए चीन की अरब सागर तक पहुंच हो जाएगी। एघ्क्ए के तहत चीन सड़क, बंदरगाह, रेलवे और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। मोदी 3.0 में केंद्रीय मंत्रियों के शपथ लेने के बाद उनके कार्यभार संभालने का सिलसिला जारी है। गुरुवार (13 जून) को राजनाथ सिंह ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए रक्षा मंत्री के रूप में पदभार संभाला। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सेनाओं को अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया जा रहा है। हम हर चुनौती का सामना करने को तैयार हैं।

### फायरिंग केस में सलमान बोले- मुझे टारगेट किया जा रहा

# फ्रस्ट्रेट हो चुका हूं, पहले ही कोर्ट से सजा पा चुका हूं



■ संजीवनी टुडे

मुंबई। 14 अप्रैल को सलमान खान के बांद्रा स्थित घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग हुई थी। घटना के दो महीने बाद सलमान ने मुंबई पुलिस को बयान दिया है। सलमान ने पुलिस से कहा- 'बार-बार अलग-अलग लोगों के निशाने पर आने से मैं थक गया हूं। पहले भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं, जुर्माने लगे हैं। कई केसों में फंसा हूं। मैं फ्रस्ट्रेट हो चुका हूं। मैं पहले से ही कोर्ट से सजा पा चुका हूं।' एक्टर ने बताया कि 14 अप्रैल की सुबह गोलियों की आवाज सुनकर ही उनकी नींद खुली थी। वे बालकनी में आए, लेकिन वहां कोई नहीं था। 1998 में सलमान ने फिल्म 'हम साथ साथ हैं' की शूटिंग के दौरान काले हिरण का शिकार किया था। लॉरेंस गैंग तभी से लगातार सलमान को टारगेट कर रहा है। घटना के वक्त अरबाज खान अपने जुहू स्थित घर पर मौजूद थे। उन्होंने अपने बयान में पुलिस से कहा है कि वो अपने भाई को पूर्व में लॉरेंस गैंग से मिली धमकियों के बारे में जानते थे। पुलिस ने सलमान से तीन घंटे तक पूछताछ की। वहीं उनके दोनों भाइयों अरबाज और सोहेल से दो-दो घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान उनके भाइयों से तकरीबन 150 सवाल किए गए। हालांकि, उम्र के कारणों से सलमान के पिता सलीम खान का स्टेटमेंट दर्ज नहीं किया गया। 88 साल के सलीम खान भी घटना के वक्त घर पर मौजूद थे। क्राइम ब्रांच जरूरत पड़ने पर उनसे पूछताछ करेगी। मुंबई पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, 14 अप्रैल को सलमान के घर पर दो बाइक सवार हमलावरों ने 7.6 बोर की बंदूक से 4 राउंड फायर किए थे। फोरेंसिक एक्सपर्ट को मौके से एक लाइव बुलेट मिला था। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस ग्रुप ने ली थी।

### आरएसएस के इंद्रेश बोले-अहंकार ने भाजपा को 241 पर रोका

# राम सबके साथ न्याय करते हैं, जिस पार्टी ने भक्ति की, घमंड किया तो पूरी ताकत नहीं दी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने गुरुवार को कहा- राम सबके साथ न्याय करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव को ही देख लीजिए। जिन्होंने राम की भक्ति की, लेकिन उनमें धीरे-धीरे अहंकार आ गया। उस पार्टी को सबसे बड़ी पार्टी घोषित कर दिया। उनको जो पूर्ण हक मिलना चाहिए, जो शक्ति मिलनी चाहिए, वो भगवान ने अहंकार के कारण रोक दी। इंद्रेश कुमार जयपुर के पास कानोता में रामरथ अयोध्या यात्रा दर्शन पूजन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा, जिन्होंने राम का विरोध किया, उन्हें बिल्कुल भी शक्ति नहीं दी, उनमें से किसी को भी शक्ति नहीं दी। सब मिलकर (इंडिया ब्लॉक) भी नंबर-1 नहीं बने, नंबर-2 पर खड़े रह गए। इसलिए प्रभु का न्याय विचित्र नहीं है, सत्य है, बड़ा आनंद-दायक है। इसलिए जिस पार्टी ने भक्ति की,अहंकार आया, उस पार्टी को 241 पर रोक दिया, पर सबसे बड़ी बना दिया। जिनकी राम के प्रति आस्था नहीं थी, अश्रद्धा थी। उन सबको मिलकर 234 पर रोक दिया। कहा-तुम्हारी अनास्था की यहीं दंड तुमको है कि तुम सफल नहीं हो सकते।

### राम-सीता के परित्याग से दी भाजपा को नसीहत

इंद्रेश कुमार ने राम की ओर से सीता का परित्याग करने के पीछे भी नई कहानी बताते हुए भाजपा को नसीहत दी। उन्होंने कहा राम हर 100 साल में अपने राज्य में अश्वमेघ यज्ञ करते थे, ताकि उनके राज्य में कोई भूखा न रहे, कोई वंचित न रहे, कोई शिक्षा के बिना न रहे, कोई दुखी न रहे। राम का जितना बड़ा राज्य था, आज तक किसी का नहीं हुआ। इंद्रेश कुमार ने कहा- अंत में एक समय आता है तो मां सीता ने आकर कहा- तुम्हारे राज्य में लोगों को यह शक होने लगा है कि तुम भोग विलास में तो नहीं लग जाओगे। अपने रिश्तेदारों में और भाइयों के हितों में तो नहीं उलझ जाओगे। आपके अंदर भी सत्ता का अहंकार तो नहीं आ जाएगा, जब यह चर्चा सीता ने की तो राम ने पूछा करना क्या है, तो राम ने सीता से पूछा कि मुझे किस चीज का परित्याग करना है। सीता ने कहा कि आपकी प्रियतम कौन है। उस प्रियतम का आप त्याग कीजिए। दुनिया आपको हमेशा के लिए उदाहरण मानकर आपका सम्मान करेगी। इसलिए राम ने चर्चा करके ही सीता के त्याग की परिकल्पना की थी।यह तय हुआ कि जब तक सीता वनवास में रहेगी तो हनुमान जी उनके सेवक और दूत बनकर उनके पास रहेंगे। अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की हार पर भी इंद्रेश कुमार ने कहा कि जो राम की भक्ति करे, फिर अहंकार करे, जो राम का विरोध करे, उसका अकल्याण अपने आप हो गया। लल्लू सिंह ने जनता पर जुल्म किए थे तो रामजी ने कहा कि 5 साल आराम करो, अगली बार देख लेंगे। इंद्रेश कुमार ने कहा- जब तक सीता परित्याग में रही, हनुमान सेवक बनाकर उनकी सेवा करते रहे। राम क्या सोचते हैं यह सीता को पता होता था, सीता क्या करती है, यह राम को पता होता था।



### राजस्थान के 1.35 लाख वकीलों को सुरक्षा के लिए करना होगा इंतजार

# राजस्थान एडवोकेट्स प्रोटेक्शन बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान के 1.35 लाख अधिवक्ताओं को विधि कार्य के दौरान मिलने वाली सुरक्षा के लिए फिलहाल इंतजार करना होगा। क्योंकि राज्य सरकार द्वारा पारित राजस्थान एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल-2023 को राष्ट्रपति से मंजूरी नहीं मिल पाई और इसे वापस लौटा दिया गया। बता दें कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने बिल पारित कर राज्यपाल को भेजा, लेकिन वहां से मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेज दिया गया। राष्ट्रपति कुछ खामियों के चलते वापस राज्य सरकार को लौटा दिया है। वहीं, दूसरी ओर कर्नाटक राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वकीलों के खिलाफ हिंसा निषेध अधिनियम 2023 को अधिकारिक तौर पर लागू कर दिया। यह कानून वकीलों को हिंसा से उद्देश्य से बचाने के लिए बनाया है, ताकि वे बिना किसी डर या उत्पीड़न के विधिक कर्तव्यों का निर्वाह कर सकें। कर्नाटक सरकार ने 11 दिसंबर 2023 को यह बिल विधानसभा में पेश किया था और 12 दिसंबर को ही पारित हो गया। इसके बाद राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद कानून बन गया। बीसीआर के चेयरमैन भुवनेश शर्मा ने कहा है कि बिल प्रदेश के वकीलों की सुरक्षा से जुड़ा है। राज्यपाल व मुख्यमंत्री से मिलकर जल्द ही बिल से जुड़ी खामियों को दूर कर इसे लागू करवाने का आग्रह किया जाएगा। वहीं आपराधिक मामलों के अधिवक्ता दीपक चौहान का कहना है कि कोर्ट परिसर सहित अन्य जगह वकीलों पर आए दिन हमले हो रहे हैं। इसलिए राज्य सरकार इसे गंभीरता से ले और प्रोटेक्शन बिल को जल्द पारित कर लागू करवाए। बीसीआर के पूर्व चेयरमैन चिरंजीलाल सैनी का कहना है कि इस मुद्दे को लेकर प्रदेश के वकील लंबे समय से आंदोलन कर रहे थे। वकीलों की सर्वोच्च संस्था बीसीआर ने राज्य सरकार को मई 2019 में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का ड्राफ्ट भेजा था। बिल-2023 में तत्कालीन राज्य सरकार ने जानबूझकर कमियां छोड़ी, ताकि यह लागू नहीं हो पाए।

### हरियाणा में सैलजा की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामा

# समर्थकों ने गेट तोड़ा, सांसद बोलीं- श्रुति चौधरी को टिकट देते तो जीत जाते

■ संजीवनी टुडे

चंडीगढ़। हरियाणा के सिरसा से सांसद बनी कुमारी सैलजा की फतेहाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हंगामा हो गया। ये बवाल गेट बंद होने पर हुआ। दरअसल, सैलजा कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद जैसे ही प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम की तरफ गईं तो अधिकतर नेता अंदर चले गए, लेकिन पूर्व मंत्री परमवीर सिंह और उनके समर्थक बाहर रह गए। उन्होंने गेट को थपथपाना शुरू कर दिया। जिससे वह टूट गया। इस हंगामे पर सैलजा भी उखड़ी नजर आईं और कार्यकर्ताओं से स्टॉप इट, स्टॉप इट, बस करो, खोलो इसको, बाहर से खोलो कहते हुए नजर आईं। बाद में परमवीर सिंह अंदर आए और अंदर से गेट बंद होने की बात कही। इस पर सैलजा ने उन्हें भी बताया कि गेट बंद नहीं था। गेट अंदर या बाहर से कैसे बंद हुआ, यह पता नहीं चल पाया। हरियाणा कांग्रेस में लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर घमासान छिड़ा हुआ है। सिरसा से लोकसभा चुनाव जीत चुकी कुमारी सैलजा लगातार सार्वजनिक मंच पर टिकट बंटवारे को लेकर सवाल उठा रही हैं।

### एसआरके गुट की नहीं चली



लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर सवाल उठने की पहली वजह यह है कि इसमें एसआरके गुट की नहीं चल पाई। यही वजह रही कि कुमारी सैलजा अंबाला से टिकट चाहती थी, लेकिन हाईकमान ने उन्हें सिरसा से लड़ा दिया। वहीं भिवानी-महेंद्रगढ़ से किरण चौधरी की बेटी की टिकट काटकर हुड्डा गुट के विधायक राव दान सिंह को दी गई। कहा जाए तो 2024 के टिकट बंटवारे में पूरी तरह से हुड्डा गुट का दबदबा रहा। वह यहां तक कह चुकी हैं कि टिकट बंटवारा यदि सही होता तो हम सभी सीटों पर जीत दर्ज कर सकते थे। सैलजा ने कहा है कि सोनीपत लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ाने के लिए हरिद्वार (उत्तराखंड) से प्रत्याशी लेकर आ रहे हैं। लजा के इन बयानों पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें जो भी बात कहनी है, वह पार्टी के सीनियर लीडरशिप से बात कर सकती हैं। टिकट वितरण बेहतर हुआ था तभी तो हरियाणा में कांग्रेस का ग्राफ भी बढ़ा है। वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ा और सीटें भी 5 आईं।

## खबरें फटाफट

### गावों में परिंडा अभियान से लग रहे हे परिंडे



■ संजीवनी टुडे

धनाऊ। जिले में बढ़ते तापमान से आमजन के साथ पशु पक्षियों के लिए जिला बेहाल हो रहा हे। पक्षियों को गर्मी से राहत देने के लिए गांवो के पक्षियों के लिए परिंडे लगाए जा रहे हे। गुरुवार को युवा टीम ने धनाऊ गांव में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। पक्षियों के लिए अभियान पिछले दो महीने से जारी हे। ग्रामीणों ने बताया की गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडा लगाना जरूरी हे। इससे बड़ा पुण्य का कोई नही हे।अभियान से जुड़े मांगीलाल, जय, मोहनलाल, विरमाराम सूमरा, रामाराम सहित युवाओं ने परिंडे लगाए।

### उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा आज लेंगे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग

■ संजीवनी टुडे

अलवर। उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा 14 जून को अलवर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कार्यक्रमानुसार उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा शुक्रवार को प्रातः 11:30 बजे मालाखेडा तहसील के ग्राम हल्दीना में स्थित मत्स्य विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित दीक्षान्त समारोह में भाग लेंगे। इसके उपरान्त दोपहर 2 बजे सूर्य नगर पशु चिकित्सालय के पीछे आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### श्री श्याम सेवा समिति ( रजि.) के चुनाव संपन्न, नरेंद्र शर्मा अध्यक्ष निर्वाचित



■ संजीवनी टुडे

अलवर । श्री खाटू श्याम जी जिला सीकर में संचालित श्री श्याम कृपा आश्रम अलवर जिले की धर्मशाला को संचालित करने वाली संस्था श्री श्याम सेवा समिति ( रजि.) के चुनाव राजगढ़ स्थित श्री महालक्ष्मी मैरिज होम में संपन्न हुए। जिसमें संस्था के सभी सदस्यों द्वारा निर्विरोध कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु नरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता कांटा वाले, महामंत्री सुशील सक्सेना, कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, उप मंत्री दिनेश शर्मा चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रवि गुप्ता एवं ताराचंद सैनी का निर्वाचन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह श्री खाटू श्यामजी स्थित श्री श्याम कृपा आश्रम में 17 जून 2024, सोमवार को संपन्न होगा। इस दौरान प्रसिद्ध भजन सम्राट लखबीर सिंह लक्खा द्वारा भव्य संकीर्तन आयोजित किया जाएगा।

### जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से जल व्यवस्था एवं जल संरक्षण के क्षेत्र मे कार्य की शुरुआत



■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड की ओर से सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत जेके लक्ष्मी स्वजल प्रोरेजेक्ट के अन्तर्गत आस पास के रामपुरा,चवरली एवं कोदरला के आदिवासी फलियो मे टेंकरो के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की शुरुआत की । साथ ही जेके लक्ष्मी सीमेंट लि. के अन्तर्गत जल संरक्षण के लिए हमेशा कार्य करती रही है। इसी क्रम मे रामपुरा मे पूर्व के वर्षो मे निर्मित एनीकट जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारम्भ किया गया। इसके अन्तर्गत एनीकट रिपेयरिंग के साथ डिसिलिटेशन का कार्य किया जायेगा जिससे की ज्यादा से ज्यादा पानी को रोका जा सके। इस कार्य से आस-पास के क्षेत्र का भु-जल स्तर बढेगा। जीर्णोद्धार कार्य के उद्घाटन के अवसर पर सरपंच रामपुरा पुष्पेन्द्र सिंह देवडा, ग्राम विकास अधिकारी सुमरनसिंह मीणा, संस्था की ओर से महा प्रबंधक (सीएसआर) छत्र बंलसिंह राठौड, इस कार्य को क्रियानवित कर रही संस्था गायत्री सेवा संस्थान के प्रतिनिधि और सीएसआर टीम के सदस्य किशोर रावल, महेन्द्र पुरोहित एवं श्रवण कुमार के साथ स्थानीय नागरिकगण उपस्थित थे।

### मानसून को मध्य नजर रखते हुए नालों की साफ-सफाई कार्रवाई

■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। आगामी मानसून को लेकर रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आगामी मानसून को मध्य नजर रखते हुए पिंडवाड़ा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ललित सिंह देंथा एवं पालिका अध्यक्ष सुरेंद्र मेवाड़ा के निर्देशन में स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में नगर के विभिन्न नालों की सफाई करवाई गईम्जानकारी के अनुसार उपखंड अधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार पालिका स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह राजपुरोहित के कुशल नेतृत्व में नगर के मुख्य नालो की साफ सफाई करवाई गईम्इस दौरान स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह राजपुरोहित,जमादार कमलेश भाटी,कार्यवाहक सफाई जमादार कमलेश कुमार,पूरण एवं राकेश कुमार मौजूद रहे।

## सेन समाज रोई परगना के तत्वाधान में नवम वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाड़ा/सिरोंही-नगर के सुकड़ी नदी के किनारे स्थित सेनजी महाराज मन्दिर प्रांगण में सेन समाज रोई परगना द्वारा आयोजित नवम वार्षिकोत्सव समारोह पूज्य महंत लहर भारती जी महाराज, पूज्य महंत तीर्थगिरी जी महाराज के पावन सानिध्य पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मदन लाल सेन सिरोही एवं ओमप्रकाश सेन अलवर, मदन लाल सेन जोधपुर के मुख्य आतिथ्य में पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सेनजी महाराज मन्दिर रोई परगना पिण्डवाड़ा के तत्वाधान में मंगलवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गयाम्जिसमें मुकेश गोयल एन्ड पार्टी एवं जोधपुर से पधारे भजन कलाकार मुकेश सेन ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वही बुधवार को प्रातः विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गयाम् शोभायात्रा नगर के सेनजी महाराज मन्दिर से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्ग द्वारिकाधीश मन्दिर, हनुमान जी मन्दिर,पहलावास होते हुए पुनः सुकड़ी नदी के किनारे स्थित सेनजी महाराज मन्दिर पहुंचकर महाआरती का आयोजन किया गया।

इस वार्षिकोत्सव में पूज्य सन्त महात्माओ एवं अतिथियों की उपस्थिति में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गयाम् जिसमे कक्षा षष्ठी से बारहवीं तक प्रथम रहे छात्र/ छात्रा एवं डिग्री प्राप्त छात्र/ छात्राओं को पूज्य महंत लहर भारती जी महाराज, एवं महंत तीर्थगिरी जी महाराज एवं ओमप्रकाश जी सेन के हाथों प्रशस्ति पत्र , मेडल, मोमेंटो से सम्मानित कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया गयाम्इस अवसर पर पूज्य संतो ने सभी छात्रों को अपने जीवन मे आगे बढ़ने का ओर समाज देश ओर राष्ट्र के लिए हमेशा आगे आने का आह्वान किया म् इसी दरमियान वार्षिकोत्सव के लाभार्थी परिवारो का बहुमान कर महाप्रसादी का आयोजन किया गया । इस वार्षिकोत्सव समारोह में सेन समाज रोई परगना के अध्यक्ष कन्हैयालाल सेन,सचिव अशोक सेन,उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार,सेन समाज के पूर्व अध्यक्ष कालूराम सेन,मुकेश कुमार,कमलेश कुमार,अमृत सेन,नैनाराम सेन,फूसाराम,भंवरलाल,जेठालाल,अशोक कुमार, धनराज, पंकज कुमार, रंजीत कुमार, भूराराम,भोपाराम, भँवर लाल, देवाराम भूराराम, गोपालराम, चंपालाल, नैनाराम,मांगीलाल,भरत कुमार, दिनेश, रमेश कुमार थानाराम ,संजय कुमार,बाबूलाल, गोविंद एवं रोई, भितरोट परगना के सैकड़ों समाज बन्धुओ ओर माताओ बहिनो की उपस्थिति रही ।

## बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में नई भर्ती की मांग को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक के माध्यम से भारत सरकार को ज्ञापन दिया

■ संजीवनी टुडे



अलवर। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक मे जॉइंट फॉर्म ऑफ़ बी आर के जी बी यूनियंस के तत्वाधान में मित्रा कमेटी के अनुसार बैंक में नई भर्ती एवं पदोन्नति की मांगों के संदर्भ में क्षेत्रीय कार्यालय अलवर में लगभग 100 साथियों ने क्षेत्रीय प्रबंधक के माध्यम से भारत सरकार,बैंक ऑफ़ बड़ौदा के एमडी व नाबार्ड के एमडी को ज्ञापन दिया द्य भारतीय मजदूर संघ से संबंधित यूनियन के महासचिव अजय कुमार यादव ने बताया कि बैंक में विगत 4 वर्षों से नई भर्ती पर रोक लगी हुई है व बैंक का व्यवसाय निरंतर बढ़ता जा रहा है द्य जिसके फल स्वरुप बैंक में व्यवसाय की तुलना में कार्मिकों की काफी कमी हो गई है द्य स्टाफ की कमी से उत्पन्न बढ़ता कार्य दबाव व बैंक के अन्य तृतीय पक्ष उत्पादों को बेचने का दबाव की वजह से कार्मिकों में काफी आक्रोश की भावना पनप रही थी द्य बैंक की सभी यूनियंस ने जॉइंट फॉर्म आफ बी आर के जी बी यूनियंस के तत्वाधान में आंदोलन आत्मक रूप अपनाया है व बैंक प्रबंधन को मांगे नहीं मानने पर 25 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है इसी कड़ी में बैंक के सभी क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय प्रबंधक के माध्यम से भारत सरकार ,बैंक ऑफ़ बड़ौदा के एमडी,नाबार्ड के एमडी,को ज्ञापन भिजवाए जा रहे हैं । अलवर में क्षेत्रीय कार्यालय पर ज्ञापन के समय बैंक के 100 से अधिक कार्मिक मौजूद रहे।

## जापान साइंस सकूरा प्रोग्राम में प्रदेश की दो छात्राएं लेंगी भाग



■ संजीवनी टुडे

### केजीबीवी की प्रीती तथा स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल की आयुषी का हुआ चयन

जयपुर। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जापान साइंस एंड टेक्नोलोजी एजेंसी द्वारा जापान के टोक्यो में 16 जून से 22 जून, 2024 को आयोजित होने वाले सकूरा साइंस प्रोग्राम में भाग लेने के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, करणपुरा, हनुमानगढ़ की छात्रा प्रीती व स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल, पोकरण, जैसलमेर की छात्रा आयुषी पालीवाल का चयन हुआ है। जापान जाने से पूर्व गुरूवार को बालिकाओं का स्वागत राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी द्वारा परिषद् कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम के लिए राज्य स्तर पर बालिकाओं के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए चतुर्वेदी ने बालिकाओं को बधाई दी एवं जापान प्रवास के संबंध में आवश्यक परामर्श दिए। इस अवसर पर बालिका शिक्षा के उपायुक्त निशु कुमार, उपनिदेशक मधु शर्मा तथा सहायक निदेशक वंदना सिंह उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने कैरवाड़ा में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन से संवाद कर सुनी परिवेदनाएं

■ संजीवनी टुडे



अलवर। जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने गुरुवार को मालाखेड़ा उपखण्ड के ग्राम कैरवाड़ा में रात्रि चौपाल में जनसंवाद कर आमजन की परियोजनाओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रि चौपाल में प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें। जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में कैरवाडा, मीनाबास, इन्द्रगढ, धीवरबास व आस-पास के क्षेत्रा से आये ग्रामीणों से पेयजल, विद्युत, स्वास्थ, आंगनबाडी सेवाओं, कृषि, शिक्षा, मनरेगा, रसद व अन्य विभागों की सेवाओं का फीडबैक लिया। रात्रि चौपाल में पेयजल, विद्युत, सडक आदि की परिवेदनाएं प्राप्त हुई। उन्होंने त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की जानकारी देकर बताया कि इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं के त्वरित निराकरण करने से है।जिला कलक्टर के गांव की चौपाल पर आने से ग्रामीणों में उत्साह दिखाई दिया। ग्रामीणों का कहना था की वर्षो बाद क्षेत्रा में जिला कलक्टर खुद ग्रामीण की समस्या सुनने आये है। सरकार ने रात्रि चौपाल फिर शुरु कर अच्छा कदम उठाया है। इससे आमजन की समस्याओं का निराकरण तेजी से होगा। उन्होंने जिला कलक्टर का उत्साह के साथ स्वागत किया। ग्रामीणों ने अपनी परिवेदनाओं को जिला कलक्टर के समक्ष रखा जिसमें मुख्य रूप से पेयजल एवं विद्युत की सुचारु आपूर्ति से संबंधित थी। ग्रामीणों ने क्षेत्र में ग्राम धीवरबास से कैरवाडा तक डेढ किमी सडक बनवाने, ग्राम कैरवाडा में ड्राई हुए बोरिंग के स्थान पर नए बोरिंग कराने तथा आंगनबाडी भवन बनाने आदि की जिला कलक्टर के समक्ष रखी जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निरकारण हेतु कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिए।इस दौरान उपखण्ड अधिकारी मालाखेड़ा देवीसिंह, विकास अधिकारी प्रशिक्षु आईएएस सोनू कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## गोगाजी मंदिर के वार्षिक मेले की भजन संध्या एवं जुलुस में उमडे श्रृदालु



■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोंही। नगर के सरोवर पाल स्थित गोगाजी क्षेत्रपाल मंदिर में ट्रस्ट मंडल के तत्वाधान में दो दिवसीय वार्षिक मेला एवं नवनिर्मित मंदिर में राधा-कृष्ण की प्रतिमा स्थान बुधवार को ध्वजारोहण,महाआरती,बाल भोग महाप्रसादी के साथ हर्षोल्लास पुर्वक सम्पन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर वर्ष की भांति नगर के सरोवर तट पर स्थित गोगाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव मेला आयोजन मारकुण्डेश्वर धाम अजारी श्री रेवानाथ महाराज एवं भोपाजी कपुरचन्द सेवारी की पावन निश्रा में मंगलवार प्रातःकाल नगर में शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया। शोभायात्रा जुलुस में सबसे आगे धर्म ध्वजा एवं घोडे पर श्रृदालु,विविध ट्रेक्टरों में सजी आकृर्षक झांकीया,बेण्ड पार्टी पर भक्ति गीतो पर झुमती हुई महिला श्रृदालु एवं अमर ध्वजा के लाभार्थी परिवार सहित विविध चढावों के लाभार्थी श्रृदालु एवं रथ में गोगाजी भगवान एवं राधा कृष्ण की प्रतिमा व संत महात्मा बिराजमान थे। यह शोभायात्रा जुलुस मुख्य बाजार,आमलीरोड,हनुमान गली होते हुए गोगाजी मंदिर प्रांगण पंहुचने पर महाआरती की गई,जबकि मंगलवार रात्री में संध्या आरती के दौरान विराट भक्ति संध्या कार्यक्रम में प्रदेश के ख्यातिनाम कलाकार मशरूम मनचला एवं भजन पार्टी द्वारा गणपति व गुरू वंदना के साथ शुरूआत कर रात भर एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति देकर रात भर श्रृदालुओं को झुमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान मंच संचालक ओम आचार्य द्वारा मंदिर के वार्षिक चढावें की बोलिया बोली गई। जबकि दुसरे दिवस गुरूवार को गोगाजी मंदिर के अमर ध्वजा के लाभार्थी परिवार श्रीमती कमला बेन पत्नि जीवाराम लुणावा परिवार ने गदाधर मंदिर के समीप आवास से ढोल धमाके साथ जयकारे लगाते हुए मंदिर पंहुचे जहा गोगाजी मंदिर ध्वजारोहण किया गया। वही दुसरी और वंछित विक्रम ओझा के सानिध्य में विधिवत नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर में प्रतिमा, दण्ड कलश स्थापना एवं ध्वजारोहण हुआ। जिसके बाद महाआरती एवं महाप्रसादी के लाभाथी राधेश्याम अग्रवाल एवं चमेली बैन परिवार द्वारा भगवान को बाल भोग लगाए जाने के बाद फले चुनरी महा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें शहर भर से हजारो श्रृदालुओं का हुजुम उमडा।

## एक बार फिर उठी महाविद्यालय निर्माण की मांग, भाजपा मंडल अध्यक्ष गेहलोत ने शिक्षा मंत्री दिलावर को ज्ञापन सौंपा



■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री मदन दिलावर सिरोही जिले के दौरे किया। जानकारी के अनुसार शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री मदन दिलावर के सिरोही जिले के दौरे के दौरान पिण्डवाडा स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गेहलोत के नेतृत्व में एक बार फिर उठी महाविद्यालय निर्माण की मांग,भाजपा मंडल अध्यक्ष गेहलोत ने शिक्षा मंत्री दिलावर को ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गहलोत ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सौंप कर बताया कि महाविद्यालय बनाने के लिए पुर्व जनापुर सर्कल पर आवंटित हुई थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग ने उक्त भूमि को बहाव क्षेत्र होने से भूमि असुरक्षित बताया ओर काम को रोका थाम्साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष गहलोत ने कॉलेज आयुक्तालय से नवीनतम जमीन आवंटित करने की मांग कीम् एवं शीघ्र कॉलेज भवन निर्माण शुरू किया जाए म्इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गेहलोत, कमलेश गर्ग, शक्तिपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह,पार्षद शंकर भाटी, कल्पेश सोनी, हितेश रावल, सुशील प्रजापत सहित कई भाजपा समर्थक मौजूद रहे।

## न्यू लोहा मंडी और माचड़ा क्षेत्र की एक दर्जन कालोनियों में पेयजल संकट

■ संजीवनी टुडे

### बीसलपुर योजना से जोड़ने की लगाई गुहार

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर के वार्ड नंबर 6 में स्थित न्यू लोहा मंडी एवं माचड़ा क्षेत्र में बसी दो दर्जन से अधिक कालोनियों में पीएचईडी की ओर से टैंकरों से की जाने वाली सप्लाई को बंद किए जाने के बाद क्षेत्र में पेयजल संकट बढ़ गया है। सरकारी टेंकरों की सप्लाई बंद हो जाने के बाद प्राईवेट टेंकरो से भी पानी की पर्याप्त आपूर्ति नही हो पा रही है और प्राइवेट टेंकर सप्लाई करने वाले भी मुंह मांगे दाम वसूल कर रहे है। स्थानीय निवासी एडवोकेट संदीप कलवानिया ने बताया कि क्षेत्र की श्रीशिवानगर चतुर्थ, सीतारामपूरी,रमन विहार, बालाजी विहार, फॉर एस, फॉर सी, ग्रीन नगर, गणेश नगर, अशोक विहार, भगवान नगर, सहित दो दर्जन से अधिक कॉलोनिया स्थित है। ये कालोनियां बीसलपुर पेयजल परियोजना से जुड़ी हुई नही है। इसलिए इन क्षेत्रों में पीएचईडी मुरलीपुरा में बनी टंकी में से टेंकरो से जरूरतमंद लोगों के पानी की सप्लाई करता आ रहा है लेकिन करीब 10 दिन से पीएचईडी ने उसे भी बंद कर दिया है। इस कारण पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था चरमरा गई है और स्थानीय लोगों को प्राइवेट टैंकरों के सहारे रहना पड़ रहा है। हालात ये है कि भीषण गर्मी में चलते प्राइवेट टैंकरों से भी पेयजल की आपूर्ति नही हो पा रही है। क्षेत्र के निवासियों ने सरकार से पुनः सरकारी टेंकर की सप्लाई शुरू करनी चाहिए। क्षेत्र बीसलपुर पेयजल परियोजना से जुड़े नही होने के कारण पीएचईडी टेंकरो से सप्लाई करता आ रहा था लेकिन पिछले एक सप्ताह से उसे भी बंद कर दिया है। कई कॉलोनिया जेडीए से अप्रूड होने के बावजूद पेयजल की कोई सुविधा नही होने पर स्थानीय लोग ठगा सा महसूस कर रहे है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बसी दो दर्जन से अधिक कॉलोनियों में से एक दर्जन से अधिक कॉलोनियां जेडीए से अप्रूव्ड है। इसके बावजूद इन कॉलोनियों को बीसलपुर पेयजल परियोजना से नही जोड़ा गया है। कॉलोनियों में ट्यूबवेल बने हुए है लेकिन जल स्तर नीचा चले जाने के कारण उनमें से नाममात्र का पानी आता है। जिससे लोगों के घरों में पानी पर्याप्त आपूर्ति नही हो पाती है। क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था नही होने के कारण गर्मी के दिनों में ज्यादा समस्या बनी रहती है। जेडीए, नगर निगम एवं पीएचईडी के अधिकारियों को कई बार ज्ञापन देकर क्षेत्र में पेयजल की समस्या से अवगत करवा दिया गया लेकिन प्रशासन की लगातार अनदेखी के चलते पेयजल की सुचारू व्यवस्था के लिए कोई ठोस उपाय नही किया गया। कॉलोनियो में बीसलपुर पाइपलाइन से ही पेयजल की आपूर्ति किए जाने पर ही समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। इसलिए प्रशासन को क्षेत्र की कॉलोनियों में शीघ्र ही बीसलपुर की पेयजल परियोजना से जोड़ा जाना चाहिए ताकि स्थानीय लोगों को पेयजल की परेशानी से निजात मिल सकें।

### पुनः हो सुचारू हो टैंकरों से पानी की सप्लाई

स्थानीय लोगो ने पीएचईडी की ओर से चलाई जा रही पानी की सप्लाई पुनःशुरू करने की मांग की है। स्थानीय निवासी एडवोकेट संदीप कलवानिया ने बताया कि पीएचईडी को शीघ्र ही टेंकरो से पानी शुरू करनी चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सकें।

## श्री सोमनाथ जी महादेव मंदिर की 15वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में ''एक शाम श्री सोमनाथ जी महादेव के नाम'' विशाल भजन संध्या आयोजित किया गया



■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाड़ा/सिरोही-विकास कुमार-नगर के निकटवर्ती जनापुर ग्राम में स्थित श्री सोमनाथ जी महादेव मंदिर की पन्द्रहवीं वर्षगांठ के उपलक्ष में मंगलवार को ''एक शाम श्री सोमनाथ जी महादेव के नाम'' विशाल भजन संध्या आयोजित किया गयाम् जानकारी के अनुसार श्री सोमनाथ सेवा समिति के तत्वाधान में श्री सोमनाथ जी महादेव मंदिर की पंद्रहवीं वर्षगांठ के उपलक्ष में विशाल भजन संध्या आयोजित किया गयाम् जिसमें राजस्थान के मशहूर लोक कलाकार सोनू सिसोदिया एंड पार्टी द्वारा एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियां दी गईम्इसी दौरान राजस्थान के मशहूर गायक कलाकार सिसोदिया ने आज मोरे सोमनाथ जी भाग घणी पीदी ओ,सोमनाथ जी पावणा हालिया हर भोला लालजी ओ एक से एक बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर ग्राम वासियों का समां बांधाम्इसी दौरान श्री सोमनाथ सेवा समिति द्वारा गांव के प्रतिभावान सम्मान समारोह भी आयोजित किया गयाम् जिसमें विभिन्न प्रतिभाओं का माल्यार्पण कर मोमेंटो देकर सम्मान किया गयाम्वही प्रतिभा सम्मान समारोह में लगभग 35 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गयाम् इसी दौरान श्री सोमनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक रावल ने बताया कि बुधवार को गांव के अति प्राचीन शामलाजी मंदिर परिसर में स्थित श्री सोमनाथ महादेव मंदिर में प्रातः ध्वजारोहण,महा आरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गयाम् इस मेले में समस्त ग्राम वासियों द्वारा बहुत ही शानदार विशाल पांडाल में महाप्रसादी का आयोजन किया गयाम्वही इसी दरमियान भीषण गर्मी को मध्य नजर रखते हुए श्री सोमनाथ महादेव सेवा समिति के द्वारा ठंडी छाछ की व्यवस्था से श्रृदालु ने गर्मी से राहत लीम् मेले युवाओं द्वारा भी व्यवस्था में पूर्ण सहयोग किया गयाम्इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री दिलावर पहुंचे मारकुण्डेश्वर सरस्वती धाम, किया स्वागत

■ संजीवनी टुडे



पिण्डवाडा/सिरोही। नगर के समीपवर्ती अजारी में विश्व प्रसिद्ध श्री मारकुण्डेश्वर तीर्थ धाम स्थित शिक्षा एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती माताजी मंदिर में राजस्थान सरकार कैबिनेट शिक्षा मंत्री मदन लाल दिलावर ने गुरूवार को मां सरस्वती धाम दर्शन एवं पुजा अर्चना कर वहा की व्यवस्थाओ को देख पर्यटन की दृष्टि से क्षेत्र को महत्वपूर्ण बताया। जानकारी के अनुसार मारकुण्डेश्वर महादेव व सरस्वती धाम अजारी में गुरूवार को राजस्थान सरकार कैबिनेट शिक्षा, संस्कृति एवं पंचायतीराज मंत्री मदन लाल दिलावर मंत्री मदन दिलावर के दर्शन हेतू पंहुचने पर भाजपा नेता एवं जिला परिषद सदस्य किरण राज पुरोहित व अजारी सरपंच लीलादेवी देवासी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण श्रृदालुओं द्वारा ढोल-धमाके के साथ भव्य स्वागत किया गया। मंत्री दिलावर ने मारकुण्डेश्वर महादेव तत्पश्चात मॉ सरस्वती की आरती पुजा व दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पिण्डवाडा-आबू विधायक समाराम गरासिया, रेवदर पूर्व विधायक जगसी राम कोली,जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित,भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी साथ मौजूद रहे। मंत्री दिलावर ने विश्व प्रसिद्ध शिक्षा व संगीत की देवी मां सरस्वती माताजी के दरबार में ही कार्यकर्ताओं से मुताखिब होते हुए स्थानीय समस्याओं के सन्दर्भ में संक्षिप्त वार्ताला करके मंदिर परिसर में सभी के ज्ञापन लिए। जिला परिषद सदस्य किरण पुरोहित व अजारी सरपंच लीला देवी देवासी द्वारा ज्ञापन सौ कर बताया कि अर्बुद पौराणिक श्री मारकुण्डेश्वर धाम महादेव मंदिर जो 7वीं सदी का है और माँ सरस्वती का मंदिर गुप्त कालीन मंदिर है, देश भर से श्रद्धालु यहां दर्शन पुजा करने आते हैं। यहां कई महान विद्वानों ने तपस्या भी की है। गुप्तकाल में निर्मित यह मंदिर कई सदियों से बुद्धि और ज्ञान का बल चाहने वालों के लिए आस्था का केंद्र रहा है। मंदिर के सामने ही पंञ्चतत्व जल बहता है, कहते है इस जल में बाण गंगा,सूर्य कुंड आदि का भी जल एकत्र होता है, इस पानी को गंगाजल ही माना जाता है । यहा प्रवाहित गुप्तगंगा में सिरोही जिले सहित दुर दराज से लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए इसी कुंड में अस्थि प्रवाहित करते है साथ ही अकाल मृत्यु के दरम्यान हिन्दु संस्कृति की मान्यताओं अनुसार पितृ शान्ति सहित विविध अनुष्ठान सम्न्न करवाए जाते है। इस वित्र तीर्थ को वर्ष 1997 में तत्कालीन राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भेरोसिंह शेखावत द्वारा तीर्थ क्षेत्र घोषित कर विकास करवाने की घोषणा भी की गई थी, लेकिन करीब ढाई दशकों से यह घोषणा अस्तित्व में नही आ सकी है। पुर्व में वर्ष पर्यन्त गतिमान रहने वाला गंगाजल पानी दोहन के कारण सुख गया। कभी यहा आने वाले श्रृदालु पवित्र जल का आचमन लेते थे लेकिन कुण्ड में वर्षभर लगातार अस्थिया प्रवाहित करने एवं पानी की कमी से गंदगी से सना हुआ होने से लोग हाथ डालने से भी गुरेज करने लगे है। इस तीर्थ क्षेत्र में बहुतायत संख्या में राष्ट्रीय पक्षी मोर विध्मान है जिनके सरंक्षण हेतू मोर उधान हेतू विशेष दरकार है, समय-समय पर तत्कालीन मंत्रीगणों द्वारा भी क्षेत्र में मोर उधान बनाने के लिए घोषणाए की, लेकिन क्रियानवित नही हो सकी है। जेसा कि हाईवे अजारी चौराहे से इस प्राचीन मारकुण्डेश्वर धाम की दुरी 5 किमी है लेकिन हाईवे से रेल्वे अन्डर पुलिए से होकर गुजरने वाले सकडे रास्ता अजारी गांव के बीचों बीच से टेडी-मेडी गलियों से होकर गुजरता हैम् जहा से बड़े साधनों का गुजरना बहुत मुश्किलों भरा होता है।तकनिकी माध्यमों की सहायता लेते हुए उदयपुर-पिण्डवाडा अथवा पिण्डवाडा-आबु हाईवे मार्ग से जोडकर श्रृदालुओं की आस्था का सम्मान के साथ साथ विकास के मार्ग भी प्रशस्त हो सेकेगे। ये रहे मौजूद- इस अवसर पर पुजारी महेन्द्र रावल,मदन रावल, जिला परिषद सदस्य किरण राज पुरोहित,पंचायत समिति सदस्या रंबा देवी, सरपंच लीलादेवी देवासी,राम मंदिर निर्माण ठेकेदार रोहित भाई लोहार, भाजपा युवा मोर्चा के वागाराम देवासी,प्रकाश लौहार,धन्नाराम मीणा,रतन ग्रासिया, कालुराम माली,हिम्मत राजपुरोहित,करण सिंह भाटी,कालुराम सेन,अर्जुन पुरोहित,शांति लाल रावल,सुरेश शास्त्री झाडौली सहित भारतीय जनता पार्टी टीं के पदाधिकारी रहे मौजूद।

## खबरें फटाफट

### सवीना क्षेत्र से चोरी गई 3 मोटरसाईकिल जब्त, शातिर चोर गिरफ्तार



■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। सुखेर पुलिस ने सवीना क्षेत्र से चोरी गई 3 मोटरसाईकिल जब्त करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार किया। 12 जून को प्रार्थी रमेश चन्द्र मेघवाल पुत्र पन्नालाल मेघवाल निवासी घासा उदयपुर ने थाना सुखेर पर रिपोर्ट पेश की कि मैने 12 जून को मेरी मोटरसाईकिल जो अम्बेरी बावी के पास खड़ी की थी।उक्त स्थान से मेरी गाडी को अज्ञात बदमाश चोरी करके ले गया।वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। सुखेर थानाधिकारी हिमाशु सिंह राजावत के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना सुखेर द्वारा टीम बनाकर माल मुल्जिमान की तलाश प्रारम्भ की गई।टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों से तथा मुखबिर मामूर किये जाकर तलाश की जा रही थी कि गरुवार को टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति संदिग्ध मोटरसाईकिल लेकर बेचने की फिराक में है।टीम द्वारा उक्त व्यक्ति का पीछा कर रोका तो मामले की चोरी गई मोटरसाईकिल लेकर घूम रहा था।पुलिस पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने यह मोटरसाईकिल चोरी करना बताया।उक्त व्यक्ति का नाम पता पूछा तो अपना नाम शिवराज सिंह पुत्र जब्बर सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी पुलिस थाना हिरणमगरी के सामने उदयपुर होना बताया।उक्त शिवराज सिंह के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाईकिल जब्त कर पूछताछ की गई तो उसने डबोक से एक मोटरसाईकिल तथा तथा सेक्टर 13 से एक स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया।उक्त सभी तीनों मोटरसाईकिल अभियुक्त की निशानदेही से जब्त की जा चुकी है।अभियुक्त शातिर प्रवृति का बदमाश होकर नशेडी है जिससे मामले में पूछताछ जारी है तथा और भी चोरी की वारदातें खुलने की सम्भावना है।

### सांसद महिमा कुमारी ने किएबश्रीनाथजी के दर्शन



■ संजीवनी टुडे

नाथद्वारा।विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ और उनकी पत्नी राजसमंद सांसद महिमा कुमारी गुरुवार को नाथद्वारा पहुंची। जहां उन्होंने श्रीजी प्रभु के राजभोग झांकी के दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की मंगलकामना की। दर्शन के बाद मंदिर परम्परानुसार मंदिर अधिकारी ने सांसद महिला कुमारी व नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ का उपरणा व प्रसाद भेंट कर स्वागत किया। शपथ ग्रहण के बाद पहली बार सांसद महिमा कुमारी नाथद्वारा पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।सांसद महिमा कुमारी ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विकास करवाना प्राथमिकता रहेगी। शहर में भी श्रीनाथजी मंदिर और आसपास के क्षेत्र में सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जाएगा, इसके साथ कहा कि नगर पालिका में स्थायी आयुक्त की जल्द नियुक्ति के प्रयास किये जाएंगे, अवैध निर्माण पर बात करते हुए उन्होंने सभी अवैध निर्माण को रुकवाने ओर कार्रवाई करने की बात कही। वहीं स्थानीय मुद्दों पर सांसद किनारा करते हुए ने विधायक से सवाल जवाब करने की बात कही। भाजपा कार्यकर्ता द्वारा सांसद व विधायक का स्थानीय न्यू कॉर्टेज में स्वागत किया। नगर अध्यक्ष प्रदीप काबरा, भाजयुमो नगर अध्यक्ष कपिल उपाध्याय, पंकज लोढा, प्रवीण वागरेचा, शंभु शर्मा, प्रकाश सामोता, गिरीश पुरोहित, हितेश कोठारी, महिला नगर अध्यक्ष चंचल वैरागी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उप सरपंच के पति और बेटे के खिलाफ मामला दर्ज: गाली-गलौज और लाठी-सरियों से मारपीट करने का आरोप

■ संजीवनी टुडे

कुम्भलगढ़।केलवाड़ा थाना क्षेत्र के छावनी की भागल निवासी केलवाड़ा की उपसरपंच तुलसी बाई के पति लालसिंह और बेटे गोपालसिंह के खिलाफ तलादरी निवासी पेमाराम को जातिगत गाली गलौज करने और छावनी की भागल निवासी मोहनसिंह के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला दर्ज हुआ है। केलवाड़ा थानाधिकारी विशाल बंजारा ने बताया कि पीड़ित पेमाराम भील ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि छावनी की भागल से केलवाड़ा की तरफ ट्रैक्टर लेकर जा रहा था कि रास्ते में लाल सिंह और उसके बेटे गोपाल सिंह ने ट्रैक्टर का रास्ता रोकने का प्रयास किया। लेकिन जब उससे पूछा कि वह ऐसा क्यों कर रहा है तो उसने जातिगत गाली गलौज की। साथ ही लाठी और सरिए से मारपीट की साथ चल रहे मोहन सिंह ने बीच बचाव की कोशिश की तो दोनों बाप बेटे ने मोहन सिंह के साथ भी लाठी से बेरहमी से मारपीट कर डाली। जिससे उसका सिर फट गया और हाथ फ्रैक्चर हो गए। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केलवाड़ा पर प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया। थाना अधिकारी ने बताया कि पिता-पुत्र पर एससी एसटी और मारपीट का मामला दर्ज होकर जांच जारी है।

# भींडर नगरपालिका के कर्यवाहक ईओ ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष पूरण व्यास के खिलाफ राजकार्य में बाधा एवं एससी एसटी एक्ट में कराया मामला दर्ज

**व्यास ने कहा भ्रष्टाचार को दबाने के लिए मेरे खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र के तहत करवाया गया मुकदमा**

■ संजीवनी टुडे

भींडर। नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता एवं अधिशाषी अधिकारी (अतिरिक्त कार्यभार) रेशल सिंह द्वारा बुधवार को कांग्रेस नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष पूरण व्यास पर भींडर पुलिस थाने में राजकार्य में बाधा, गाली-गलौच, डराने धमकाने एवं एससी एसटी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी रेशल सिंह निवासी मोकलपुर तह.मेड़ता सिटी नागौर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 11 जून मंगलवार को वह अपने कार्यालय नगरपालिका भींडर में बैठकर राजकीय कार्य कर रहा था। दोपहर 12.15 बजे पूरण व्यास द्वारा अधिशाषी कक्ष में आकर उसके साथ गाली-गलौच एवं अभद्र व्यवहार किया गया।तथा अपमानित करते हुए कहा कि तू कार्यालय से बाहर निकल एवं पालिका के वरिष्ठ सहायक नरेंद्र शर्मा को भी कक्ष से बाहर निकलने को कहकर भय का माहौल बनाकर राजकार्य को बाधित किया गया। मामले की जांच वृताधिकारी राजेन्द्र सिंह जैन कर रहे है।




बदसलूकी के आरोप की शिकायत को लेकर पूर्व विधायक के साथ ईओ के पास पहुँचे थे व्यापार मंडल के सदस्यः- दरअसल गत दिनों कस्बे के वरिष्ठ नागरिक एवं व्यापारी रोशन वया किसी सामाजिक कार्य के संबंध में नगरपालिका गए थे। आरोप है कि इस दौरान ईओ रेशल सिंह द्वारा रोशन वया के बदसलूकी एवं धक्का मुक्की की गई। इस घटना से आहत होकर मंगलवार को व्यापार मंडल एवं अन्य लोग पूर्व विधायक प्रीति शक्तावत के नेतृत्व में ईओ के कार्यालय पहुँचे थे। इस दौरान अभियुक्त पूरण व्यास भी वहाँ मौजूद थे। इस दौरान सभी मे बातचीत हुई। उसके बाद ही रेशल सिंह द्वारा पुलिस में उक्त मामला दर्ज करवाया गया।

यह पूरा मामला मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार को दबाने के लिए एक राजनीतिक षड्यंत्र है। कुछ दिनों पूर्व मैं और एक कांग्रेस पार्षद अब्दुल कादिर नगरपालिका की जमीन पर हो रहे अवैध भवन निर्माण की शिकायत को लेकर नगरपालिका गए थे जहाँ पर ईओ ने मुझे बाहर निकाल दिया। इसके बाद पार्षद पति हितेश व्यास ने मुझे जान से मारने की धमकी दी थी। इसके कुछ दिन बाद ईओ द्वारा कस्बे के एक वरिष्ठ नागरिक के साथ कि गई धक्का-मुक्की एवं बदसलूकी की शिकायत को लेकर हम मंगलवार को पूर्व विधायक के साथ नगरपालिका गए थे और वहाँ हमने इस कृत्य का विरोध किया था। इसके बाद ईओ ने उस पार्षद पति के साथ मिलकर षड्यंत्र करते हुए मेरे ख़िलाफ़ यह झूठा मुकदमा करवाया।

पूरण व्यास
पूर्व नेता प्रतिपक्ष, नगरपालिका भींडर।

### ग्राम पंचायत मालप में सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया

■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। स्थानीय पत्थर घड़ाई मजदूर सुरक्षा संघ पिण्डवाडा के बैनर तले ग्राम पंचायत मालप में सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन सरपंच सीता देवी व अध्यक्ष सोहनभाई गरासिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में 95 ग्रामवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष सोहनभाई गरासिया ने सामाजिक सुरक्षा शिविर में होने वाले कार्यो की जानकारी दी गई। सरपंच प्रतिनिधी कुरेश कुमार गरासिया ने सरकार के सभी योजनाओं से जुडाव की जानकारी दी गई है। उपाध्यक्ष मदनलाल मेघवाल ने संगठन सदस्यता जुडाव व सिलिकोसिस सहायता,आवेदन,पेंशन,पालनहार की जानकारी दी गई। कैलाश कुमार ने श्रम विभाग के योजना जुडाव की जानकारी दी गई। जिसमें सिलिकोसिस आवेदन 6,सिलिकोसिस सहायता 4,सिलिकोसिस मृत्यु सहायता 5, पालनहार 5, पेंशन 5,पेंशन सत्यापन 2,श्रमिक डायरी 8,जनाधार कार्ड अपडेट 10,एसिलिकोसिस रिजेक्ट फाईल 9,सिलिकोसिस अपील 8,मजदुरी भुगतान केस 2 का कार्य किया गया।

## सिरोही जिले में ऐसा गांव जहां आज भी नहीं हैं स्कूल- सड़क- बिजली और नेटवर्क, यहां की बातें आपको करेगी हैरान

■ संजीवनी टुडे

सिरोही। सिरोही जिले में एक ऐसा गांव है जहां सड़कें- स्कूल- बिजली व मोबाइल नेटवर्क आज भी नहीं हैं। यहां रहने वाले लोग मोबाइल के बारे में बहुत कम ही जानते हैं। गांव के लोगों को जो बात सबसे ज्यादा दुखी करती है वो है यहां स्कूल का न होना। सड़कें भी नहीं है। रोजाना के कार्यों के लिए यहां के रहने वाले लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पानी भी बड़ी मुश्किल से उपलब्ध हो पाती है। आप सोच रहे होंगे कि राजस्थान में यह गांव कहां है? दरअसल यह राजस्थान के सिरोही जिले के माउंट आबू कस्बे में स्थित है। इस गांव का नाम शेरगांव है जो समुंद्र तल से करीब 1800 मीटर की उंचाई पर बसा है। यहां 35 घरों में तकरीबन 150 लोग रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें रोजमर्रा के कामों के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गेहूं पिसाने और राशन जैसी चीजें लाने के लिए उन्हें पैदल ही पहाड़ पर चढ़ना और उतरना पड़ता है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां आने के बाद सबसे बड़ी समस्या आती है। गंभीर रूप से बीमार होने पर मरीज को खाट पर लादकर शहर ले जाया जाता है,



प्राचीन श्री जबकेश्वर महादेव मंदिर

जिसमें कई घंटे का कीमती समय बर्बाद हो जाता है। बच्चों की पढ़ाई की समस्या अलग है। शिक्षक ऐसे जगह पर नहीं आने चाहते हैं।

### महाराणा प्रताप ने यहां निर्माण कराया है शिव मंदिर

यहां प्राचीन श्री जबकेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। जिसका निर्माण वीर शिरोमणी मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप जी ने करवाया था। ऐसा माना जाता है कि महाराणा प्रताप ने मुगलों से युद्ध के दौरान कुछ वर्ष जंगल में बिताये थे। तब मेवाड़ के राजा होते हुए भी महाराणा प्रताप ने जंगलो में घास की रोटी और उबरा खा कर जीवन यापन किया था। महाराणा प्रताप आबू पर्वत के इन्हीं घने जंगलो के पहाड़ो के बीच में रहे थे और भोलेनाथ की भक्ति भी की थी। उसी समय उन्होंने इस मंदिर का निर्माण करवाया और शिवलिंग स्थापित किया।



### पर्यटकों का पसंदीदा स्थल है यह गांव

माउंट आबू का शेरगांव सबसे ऊंचे गांवों में गिना जाता है। इसलिए यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते रहते हैं। लोगों को यहां रहने का पुराना तरीका बहुत पसंद है। चूंकि यह गांव अरावली पर्वत की चोटी पर स्थित है, इसलिए यह राजस्थान का सबसे ऊंचा स्थान है। यहां से सूर्यास्त और सूर्योदय का नजारा बेहद रोमांचकारी होता है। गर्मियों में यहां का तापमान भी राज्य के अन्य हिस्सों की तुलना में कम होता है, जबकि सर्दियों में यहां का तापमान माइनस में चला जाता है।

## रिश्वत में गिरफ्तार हुई सफाई कर्मचारी आशा ने पास कर ली थी आरएएस परीक्षा, दस्तावेज पेश नहीं करने पर अटक गई नोकरी

■ संजीवनी टुडे

पाली। रिश्वत मामले में पाली में गिरफ्तार हुई नगर निगम हैरिटेज जयपुर की सफाईकर्मी आशा भाटी ने आरएएस परीक्षा भी पास की थी, लेकिन दस्तावेज पेश नहीं करने पर आरएएस की नौकरी अटक गई। आशा जोधपुर नगर निगम में सफाईकर्मी रहते हुए आरएएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर चर्चा में आई थी। बाद में एक पूर्व मंत्री की सिफारिश पर नगर निगम हैरिटेज जयपुर में सफाईकर्मी पद लगाया था। पाली एसीबी ने बुधवार रात को आशा भाटी उसके पुत्र ऋषभ व योगेन्द्र को जैतारण से जयपुर रिश्वत की राशि 1.75 लाख रुपए ले जाते गिरफ्तार किया था। एसीबी ने तीनों आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट पेश किया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया। हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने एक आदेश जारी कर सफाईकर्मी आशा को सस्पेंड कर दिया। निलम्बन काल में आशा का मुख्यालय उपायुक्त (कार्मिक) कार्यालय में होगा। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि आशा



भाटी मनमर्जी से काम पर आती जाती थी। आरएएस परीक्षा पास करने के बाद नीचे वाले कर्मचारी भी उसे कुछ नहीं कहते थे। अभी भी तीन दिन से वह नहीं आ रही थी।यहां वह कम ही काम करती थी। नगर निगम और नगर पालिकाओं में सफाईकर्मियों की भर्ती होनी है और आशा अपने बेटे व दलाल के साथ अभ्यर्थियों को सफाई कर्मचारी के पद पर लगवाने का झांसा देकर रुपए 1.75 लाख रुपए रिश्वत के एकत्र किए थे। जयपुर एसीबी की एक टीम नगर निगम हैरिटेज कार्यालय पहुंची और यहां पर सफाईकर्मचारियों की ड्यूटी लगाने से संबंधित रजिस्टर को अपने साथ ले गई।

### एसीबी ने आरोपियों को पाली में किया पेश

एसीबी टीम ने गुरुवार को आशा भाटी, उसके पुत्र ऋषभ भाटी और योगेन्द्र चौधरी (दोनों प्राइवेट व्यक्ति) को पाली एसीबी कोर्ट में पेश किया। जहां से तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## खराब फसल के मुआवजे को लेकर किसानों ने ज्ञापन सौंपा

**कवलां के किसानों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर क्लेम राशि दिलाने की मांग**

■ संजीवनी टुडे

जालोर। फसल खराब बीमा क्लेम की राशि नहीं मिलने से नाराज़ आहोर उपखंण्ड क्षेत्र के कवलां के किसानों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं कवलां के किसानो ने फसल खराबे बीमा क्लेम राशि नहीं मिलने से नाराज़ किसानों ने जिला कलेक्टर पूजा पार्थ को ज्ञापन सौंप कर क्लेम राशि दिलाने की मांग की गई। कवलां सरपंच शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि आहोर उपखंण्ड क्षेत्र के कवलां ,चवरड़ा , मुगालिया सिंधलान में राजस्व कर्मियों एवं बीमा कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा करीब सात माह पूर्व खरीब 2023-24 में संयुक्त क्रॉप कटिंग प्रयोग का सर्वे किया गया। जिसमें मूंग ,बाजरी,ग्वार ,तिल 90 प्रतिशत से अधिक का खराब पाए गए। जिस पर लगातार कृषकों द्वारा संबंधितों को कई बार शिकायत के बाद भी संबंधित बीमा कंपनी द्वारा फसल खराब की राशि किसानों को प्राप्त



नहीं हुई है। वहीं 2023-24 में खरीफ मुंग बुवाई का समय पुनः प्रारम्भ होने वाला है ।

बीमा प्रीमियम राशि जमा करवाने का भी समय नजदीक आ गया है। जिससे किसानों को क्लेम राशि दिलाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर पूजा पार्थ को ज्ञापन सौंपा गया। कवलां सरपंच शैलेन्द्र सिंह ने बताया पहले बीमा कंपनियों ने बताया की आचार संहिता लगी हुई है। जिसके बाद आपका काम हो जाएगा,अब बोल रहे हैं कि कंपनी के प्रोटोकॉल को फोलो नहीं किया। वहीं कवलां के किसानों ने ज्ञापन सौंपाकर किसानों की व्यथा सुनाई। इस दौरान यशपाल सिंह,जेपाराम मेधवाल कवलां , लालाराम मेधवाल, प्रभु राम मेघवाल, तेजाराम ,गौपाराम , छतरसिंह, मूलसिंह, गंगा सिंह, भूरसिंह, मदनसिंह, गणपतसिंह, हंसाराम मेघवाल, प्रताप सिंह , बहादुर सिंह व भंवर सिंह सहित बड़ी संख्या में कवलां, चवरड़ा , सुगालिया सिंधलान के किसान मौजूद रहे।

## खुली जेल के बंदी पर फायरिंग व चाकू से जानलेवा हमले का एक आरोपी गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

दादाबाड़ी। दादाबाड़ी थाना क्षेत्र स्थित वक्फनगर में हिस्ट्रीशीटर व खुली जेल के बंदी पर फायरिंग व चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार कर दो विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालक बापर्दा निरुद्ध किए है। एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 8 जून को वक्फनगर इलाके में हार्डकोर अपराधी नियामत अली उर्फ शानी पर फायरिंग कर व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करने वाले अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी दिलीप कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक, विभिन्न थानों के थानाधिकारी, डीएसटी व साइबर सेल के नेतृत्व में 100 पुलिसकर्मियों की अलग-अलग टीमों का गठन किया। टीमों ने अनुसंधान के बाद घटना में 7 आरोपी सरवर, करामत पठान, गुलफाम उर्फ सुखा, सईद उर्फ राजा, दिलीप सिंह उर्फ करणवीर सिंह उर्फ कानू बना तथा दो विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालकों के रूप में पहचान की गई। टीमों ने काफी प्रयास के बाद एक आरोपी मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के बडोदा थाना क्षेत्र के



बागलदा हाल अनन्तपुरा तालाब किराए का मकान निवासी सरवर पुत्र मंजूर अली (20) को बापर्दा गिरफ्तार कर घटना में शामिल दो विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालकों को बापर्दा निरुद्ध किया है। आरोपी सरवर के कब्जे से घटना में काम लिया गया देशी कट्टा व कारतूस बरामद किया है वहीं दोनों नाबालिगों के कब्जे से घटना में काम लिया गया बड़ा छुरा बरामद किया है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

### कोटा से झालावाड़ तक 200 सीसीटीवी चैक किए

एसपी ने बताया कि अज्ञात बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी में मिले फुटेज के आधार पर बदमाशों व उनके वाहनों की पहचान की गई। इसके बाद कोटा शहर, कोटा ग्रामीण व झालावाड़ तक करीब 200 सीसीटीवी देखने पर बदमाशों की कोटा शहर से झालावाड़ और वहां से मध्यप्रदेश तक की लोकेशन पाई गई।

घटना के बाद आरोपी बाइकों से कोटा से झालावाड़ पहुंच गए। उनके पीछे पीछे ही मुख्य साजिशकर्ता सिराज उर्फ चिग्गा व रईश उर्फ मल्या कार से झालावाड़ पहुंच आरोपियों से मिले। वहां से आरोपी एमपी व अन्य दिशाओं में चले गए। पुलिस टीमों ने आरोपियों का पीछा करते हुए सरवर को देशी कट्टा सहित श्योपुर मध्यप्रदेश के जंगलों से डिटेन कर लिया लेकिन अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगलों में फरार हो गए। लिस ने बताया कि नियामत की किशोरपुरा के हिस्ट्रीशीटर सिराज उर्फ चिग्गा से गहरी दोस्ती थी। जून 2023 में सिराज के भाई फिरोज उर्फ बैण्डा की हत्या हो गई। कुछ दिनों बाद सिराज को शक हुआ कि भाई की हत्या करवाने में नियामत का हाथ है। सिराज ने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाया और उसमें नए-नए बालिग व नाबालिग लडक़ों को जोडक़र उनका खाने-पीने का खर्चा उठाने लगा। इसी दौरान रईस मल्या जो नियामत का विरोधी था उसे भी ग्रुप में जोड़ लिया। दोनों ने मिलकर ग्रुप में जुड़े 7 लडक़ों को 2-2 लाख रुपए देने का लालच देकर नियामत की हत्या करने का प्लान बनाया। 3 जून को 7 लडक़ों को एरोड्रम सर्कल बुलाकर पिस्टल, देशी कट्टा, सतूर (छुरा) व चाकू एवं आने-जाने के लिए बाइकें व नियामत का फोटो भी उपलब्ध करवाया। लडक़ों ने 4 जून को नियामत का घर से लेकर जेल तक पीछा किया, लेकिन हत्या करने का मौका नहीं मिला। इसके बाद 8 जून को सुबह मौका मिलते ही आरोपियों ने नियामत पर जानलेवा हमला कर दिया।

## झल्लारा में रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन, पौधारोपण कर करें देखभाल: जिला कलेक्टर

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। दूर दराज होने के कारण कई बार आप दफ्तरों तक नहीं पहुंच पाते, दिन में खेतों में काम कर रहे होते है इसलिए रात में आपकी समस्याएं सुनने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है। जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने यह बात झल्लारा में बुधवार रात को रात्रि चौपाल में कहीं। रात्री चौपाल में जिला कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आमजन की परिवेदनाएं सुनी। रात्रि चौपाल में विद्युत, पेयजल, पंचायतीराज सहित सभी विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। चिकित्सा विभाग के सीएमएचओ डॉ. जेपी बुनकर ने नशा मुक्ति के लिए आमजन को जागरूक किया। रात्री चौपाल में ग्रामीण पेयजल की परिवेदनाएं लेकर आए इस पर जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के एक्सईएन और जेईएन को इसकी जांच कर तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए तथा जिला कलेक्टर ने कहा कि कोई भी घर पेयजल से वंचित नहीं रहना



चाहिए, जरूरत हो तो पानी सप्लाई के समय में वृद्धि करें। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों द्वारा घर के ऊपर से निकल रही विद्युत लाइन को हटवाने, आवास योजना में आवास दिलवाने, खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, साइबर फ्रॉड की रकम को वापिस दिलवाने जैसे परिवाद दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि अत्यधिक दूरी होने से आपको जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं है, किसी भी तरह की शिकायत को टोल फ्री नंबर 181 पर भी दर्ज करवा सकते है। उन्होंने कहा कि इन परिवेदनाओ को भी संपर्क पोर्टल पर ही दर्ज किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि आगामी मानसून में न केवल पौधारोपण करें बल्कि बेटे बेटियों की तरह इनका पालन पोषण भी करें। पिछले दिनों भीषण गर्मी को देखते हुए हमें गर्मी से बचने के लिए पेड़ों की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत, वन विभाग, चारागाह की भूमि में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण करें। किसान भाई प्रत्येक खेत में दो-चार पौधे जरूर लगाए। सभी गांववासी इस मुहिम में हिस्सा ले तथा जब भी जिले स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन हो तो गांव में बड़े स्तर पर पौधरोपण करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि पानी को बचाना, रिचार्ज करना तथा सुरक्षित करना वर्तमान की महती आवश्यकता है। सार्वजनिक जगह पर पानी के रुकने का उचित प्रबंध या मेड़ बनाए तथा इसके अतिरिक्त उन्होंने बहते हुए पानी को रोकने के लिए ग्राम पंचायत में जितनी भी जगह है, उस पर पानी बचाने के लिए महात्मा गांधी नरेगा से कार्य स्वीकृत करवाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। पानी का अनावश्यक प्रयोग ना करें तथा इसकी कीमत को समझे। जिला कलेक्टर ने बताया कि सरकारी तथा निजी अस्पतालों में जो व्यक्ति मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के पात्र हैं वह निशुल्क इलाज करवा सकते है। आप जब भी अस्पतालों में इलाज करवाने जाए तो जन आधार कार्ड साथ लेकर जाए तथा उन्हें पूछे कि क्या वह अस्पताल इस दायरे के अंतर्गत है। जिला कलेक्टर ने गांव वासियों से 1 जुलाई से स्कूल खुलने पर गांव के पढ़ने की उम्र के बच्चों को विद्यालय में प्रवेश करवाने की अपील की। खेतों के कार्य में न लगाया जाए तथा शिक्षा विभाग जब भी अभियान चलाए तो उसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। रात्रि चौपाल में सभी विभागीय जिला स्तरीय अधिकारीगण, सरपंच और ग्रामीण मौजूद रहे।

## सरकार की मंशा के अनुरूप परिवादी को मिले त्वरित राहत: जिला कलक्टर

सलूंबर। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं व परिवेदनाओं की सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को झल्लारा के पंचायत समिति सभागार में आयोजित उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने शिरकत की और परिवादियों की समस्याओं को तसल्ली से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आपके पास आता है तो हम सभी का दायित्व है कि प्राथमिकता के साथ उसकी सुनवाई करते हुए उसे हर संभव राहत प्रदान की जाए। तहसीलदार मयूर शर्मा, विकास अधिकारी दिनेश पाटीदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल एवं कार्यालय में प्राप्त होने वाले परिवादों को तय समय पर शीघ्र निस्तारित करने व समस्त अधिकारी-कार्मिकों को समय पर कार्यालय में उपस्थित होने एवं अपने परिसर में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों में राजस्व विभाग, पंचायती राज,पीएचईडी, महिला एवं बाल विकास, निर्माण विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, वन विभाग व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के परिवाद प्राप्त हुए, जिनमे परिवादों का मौके पर निस्तारण कर परिवादियों को राहत प्रदान की गई तथा शेष परिवादों को संपर्क पोर्टल पर अपलोड कर निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

सम्पादक की कलम से....
## सम्पादकीय

# माँ की ममता का नहीं है कोई मोल



सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही है, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद दो-तीन दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

मातृ दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का उत्सव है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मातृ दिवस सभी माताओं का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। एक बच्चे की परवरिश करने में माताओं द्वारा सहन की जाने वालीं कठिनाइयों के लिये आभार व्यक्त करने के लिये यह दिन मनाया जाता है। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है।

'मां!' यह वो अलौकिक शब्द है, जिसके स्मरण मात्र से ही रोम-रोम पुलकित हो उठता है, हृदय में भावनाओं का अनहद ज्वार स्वतः उमड़ पड़ता है और मनोःमस्तिष्क स्मृतियों के अथाह समुद्र में डूब जाता है। 'मां' वो अमोघ मंत्र है, जिसके उच्चारण मात्र से ही हर पीड़ा का नाश हो जाता है। 'मां' की ममता और उसके आंचल की महिमा को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है, उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। जिन्होंने आपको और आपके परिवार को आदर्श संस्कार दिए। उनके दिए गए संस्कार ही मेरी दृष्टि में आपकी मूल थाती है। जो हर मां की मूल पहचान होती है।

हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मां की महिमा को उजागर करते हुए कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था मेरे जीवन का जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी। एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। अब्राहम लिंकन का मां के बारे में मार्मिक कथन है कि जो भी मैं हूँ, या होने की उम्मीद है, मैं उसके लिए अपने प्यारी माँ का कर्जदार हूँ। किसी औलाद के लिए 'माँ' शब्द का मतलब सिर्फ पुकारने या फिर संबोधित करने से ही नहीं होता बल्कि उसके लिए माँ शब्द में ही सारी दुनिया बसती है, दूसरी ओर संतान की खुशी और उसका सुख ही माँ के लिए उसका संसार होता है।

क्या कभी आपने सोचा है कि ठोकर लगने पर या मुसीबत की घड़ी में माँ ही क्यों याद आती है क्योंकि वो माँ ही होती है जो हमें तब से जानती है जब हम अजन्मे होते हैं। बचपन में हमारा रातों का जागना, जिस वजह से कई रातों तक माँ सो भी नहीं पाती थी। वह गिले में सोती और हमें सूखे में सुलाती। जितना माँ ने हमारे लिए किया है उतना कोई दूसरा कर ही नहीं सकता। जाहिर है माँ के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक दिन नहीं बल्कि एक सदी, कई सदियां भी कम है।

'मां'-इस लघु शब्द में प्रेम की विराटता/समग्रता निहित है। अणु-परमाणुओं को संघटित करके अनगिनत नक्षत्रों, लोक-लोकान्तरों, देव-दनुज-मनुज तथा कोटि-कोटि जीव प्रजातियों को मां ने ही जन्म दिया है। मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, वरन सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।



**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो)** : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह)** : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)** : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी)** : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)** : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)** : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# दिशाबोध का दूसरा नाम : सन्त कबीर

समाज से बुराइयों का उन्मूलन करने ,पाखंड खंडन और गुरु महिमा मंडन करने वाले तत्व ज्ञानी ,संत कबीर दास जी का जन्म जेष्ठ माह की पूर्णिमा को विक्रम संवत 1455 (सन 1398 ई.)में वाराणसी में हुआ था।नीरू और नीमा नाम के मुस्लिम जुलाहे दंपत्ति को वे तालाब के किनारे कमल के पत्ते पर नवजात शिशु के रूप में प्राप्त हुए थे। उनका पालन पोषण उनके द्वारा किया गया ।जुलाहे की भूमिका में वह परम संत ,परिवार पालन के लिए संघर्ष करता रहा। माता पिता पत्नी लोई पुत्र कमाल और पुत्री कमाली के भरण पोषण के लिए निरन्तर श्रम करते रहे, भक्ति के प्रभाव से समाज में ख्याति बढ़ने के साथ साथ ही उन्हें समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों के विरोध का सामना भी करना पड़ा परंतु इस सबकी परवाह किए बिना वे आगे बढ़ते गए । उन्होंने किसी विद्यालय में कोई औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की थी परंतु परम ज्ञानी के रूप में स्थापित हुए संत कबीर समाज का दिशा दर्शन कर गए।उन्होनें सिद्ध कर दिया कि संत जाति और समाज के मिथ्या बंधनों से परे हुआ करते हैं। कबीर दास जी रहस्यवादी कवि होने के साथ-साथ भगवत भक्ति पर बल देने वाले संत थे। वे हिंदूधर्म और इस्लाम को मानते हुए सर्वोच्च ईश्वर में विश्वास रखते थे। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों ,अंधविश्वासों एवं कर्मकांडों की तथा सामाजिक बुराइयों की जमकर आलोचना की। गुरु नानक देव जी ,संत धर्मदास जी ,दादू साहेब आदि भक्तिकाल की महान हस्तियां संत कबीर के साथ थीं।

सबसे महत्वपूर्ण हैं उनके विचार और उनकी कृतियां। कबीर साहेब साखियों के माध्यम से आत्मा और परमात्मा का ज्ञान समझाया करते थे। उनकी वाणी का संग्रह उनके शिष्य धर्मदास ने बीजक नाम से 1464ई. में किया। बीजक के तीन भाग किए गए हैं ।पहला'' रमैनी ''अर्थात रामायण इसमें चौपाई और दोहे हैं तथा भाषा बृजऔर पूर्वी बोली में है। दूसरा है ''सबद ''अर्थात शब्द इसमें गेय पद हैं जो ब्रजभाषा और पूर्वी बोली में लिखे गए हैं। तीसरा है ''साखी,'' साखी का अर्थ है साक्षी जो दोहा के रूप में राजस्थानी और पंजाबी मिली खड़ी बोली में लिखी गई है । फक्कड़ प्रकृति के होने से कबीर जी की भाषा सधुक्कड़ी और पंचमेल खिचड़ी है ।उनकी भाषा में हिंदी भाषा की सभी बोलियों के शब्द शामिल हैं ।राजस्थानी पंजाबी हरियाणवी खड़ी बोली अवधी ब्रज के शब्दों क बाहुल्य है ।इसके अतिरिक्त कबीर दोहावली जिसमें मुख्य तौर पर कबीर साहिब जी के दोहे सम्मिलित हैं ।कबीर ग्रंथावली में पद तथा दोहे सम्मिलित हैं तथा कबीर सागर ग्रंथ में परमात्मा की विस्तृत जानकारी है।

समतामूलक समाज के पक्षधर कबीरः-
जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान ।
मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान।।



### विचार बिन्दु

**सबसे महत्वपूर्ण हैं उनके विचार और उनकी कृतियां। कबीर साहेब साखियों के माध्यम से आत्मा और परमात्मा का ज्ञान समझाया करते थे। उनकी वाणी का संग्रह उनके शिष्य धर्मदास ने बीजक नाम से 1464ई. में किया। बीजक के तीन भाग किए गए हैं ।पहला '' रमैनी ''अर्थात रामायण इसमें चौपाई और दोहे हैं तथा भाषा बृजऔर पूर्वी बोली में है। दूसरा है ''सबद ''अर्थात शब्द इसमें गेय पद हैं जो ब्रजभाषा और पूर्वी बोली में लिखे गए हैं। तीसरा है ''साखी,'' साखी का अर्थ है साक्षी जो दोहा के रूप में राजस्थानी और पंजाबी मिली खड़ी बोली में लिखी गई है ।**



शिवकुमार शर्मा

### पाखण्ड खण्डन

संत कबीर दास जी हिंदू मुस्लिम सभी को पाखंड से दूर रहने का उपदेश देते रहे भी एक परमेश्वर को मानते थे और कर्मकांड के घोर विरोधी थे मूर्ति पूजा, रोजा ,मस्जिद -मंदिर आदि में उनका श्रद्धा भाव नहीं था ।उनका विचार था कि यहां या इन क्रियाओं से आपका मोक्ष संभव नहीं है उन्होंने हिंदुओं को कहा -
पाहन पूजें हरि मिलें तो मैं पूजौं पहार।
यातें तो चाकी भली पीस खाय संसार ।।
मूड़ मुड़ाएँ हरि मिले तो सब कोई ले मुढ़ाइ।
बार-बार के मूड़ें से भेड़ न बैकुंठ जाइ।।

### मन की निर्मलता पर बल

पोथी पढ़ पढ़ जग मुआ पंडित भया न कोय।
ढाई अक्षर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय ।।
माला फ़ेरत जुग भया फिरा न मन का फ़ेर।
कर का मनका डार दे मन का मनका फ़ेर।।
नहाए धोए क्या हुआ जो मन मैल न जाइ।
मीन सदा जल में रहे धोए बास न जाइ।।
माटी का एक नाग बनाकर पूजा लोग लुगाया ।
जिंदा नाग जब घर निकले तो ले लाठी धमकाया।।
इस्लाम मतावलंबियों के लिए उनका कहना था कि-
काकर पाथर जोरि के मस्जिद लई बनाय।
ता चढ़ि मुल्ला बाग दे बहरा हुआ खुदाय।।

उन्होंने संत रामानंद जी को अपना गुरु बनाया था ।वे अपने शरीर पर रामानंदी तिलक लगाया करते थे और गले में तुलसी- कंठी पहनी थी ,रात दिन राम नाम जपते रहते थे। कर्मकांडी ब्राह्मणों ने उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए अनेक षड्यंत्र रचे लेकिन ऊपर वाले की मेहरबानी से षड्यंत्रकारी कभी सफल नहीं हो सके। कबीर दास जी को हिंदू और मुस्लिम समाज में एक समान आदर प्राप्त हुआ। प्रियादास जी ने कबीर दास जी के जीवन और जीवन में घटित आश्चर्यजनक प्रसंगों का काव्य में उल्लेख किया है। उन्होंनें सृष्टि के घटनाक्रम की क्षणभंगुरता कीओर इशारा करते हुए समाज को चेताया है-
माटी कहे कुम्हार से तू मत रूँदे मोय।
इक दिन ऐसा आएगा मैं रूँदूंगी तोय।।
पानी केरा बुदबुदा अस मानुस की जात।
देखत ही छुप जाएगा ज्यों तारा परभात।।
मानुष जन्म दुर्लभ है मिले न बारंबार ।
तरुवर से पत्ता गिरे बहुर न लागे डार।।
माली आवत देखकर कलियन करी पुकार।
फूली फूली चुन लई काल हमारी बार।।

### गुरु की महिमा का प्रतिपादन

गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय।
बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय।।
सब धरती कागज करूं लेखनी सब बनराय।
सात समंदर मसि करूं गुरु गुण लिखा न जाय।।
यह तन विष की बेलरी गुरु अमृत की खान ।
सीस दिए जो गुरु मिले तो भी सस्ता जान।।

कबीर दास जी की उलट बांसिया बहुत ही प्रसिद्ध है उन के माध्यम से उन्होंने परम तत्व को समझाने का प्रयास किया है जो समझने में आसान नहीं है
पानी में मीन प्यासी ,मोहि सुनि सुनि आवे हांसी।
देख देख जिय अचरज होई। यह पद बूझे बिरला कोई।।
धरती उलट अकासे जाय।चीटी के मुख हस्ति समाय।।

### जीव जंतु सब वृक्षा चरे।

सूखे सरवर उठे हिलोरा।बिन जल चकवा करे किलोरा।।
एक अचंभा देखा रे भाई ।थोड़ा सिंह चरावे गायी ।।
पहले पूत पीछे भई माई। चेला के गुरु लागे पायी।।
बैलहिं डारि गौन घर आई ।
कबीरदास जा पद को बूझे ।ताकों तीन त्रिभुवन सूझे।।

श्रीमद भगवत गीता के 15 अध्याय के पहले श्लोक में संसार वृक्ष का उल्लेख किया गया है जिसे ऊर्ध्वमूल कहा गया है-
ऊर्ध्वमूलमधःशाखमश्वत्थं प्राहुरवययम।
छन्दांसि यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित।।
इनके गूढ़ार्थ हैं।वह आत्मा सो परमात्मा को मानने वाले थे अर्थात'' अहम् ब्रह्मास्मि'' या यूं कहें कि आत्मा के स्वरूप को मानने वाले थे जिसमें यह बताया गया है कि''चिदानंद रूपा शिवोहम शिवोहम''

समाज में यह मान्यता थी कि काशी में जिसकी मृत्यु होती है उसको मुक्ति प्राप्त होती है और मगहर क्षेत्र में मृत्यु होने पर जीवात्मा मुक्त नहीं होता है। इसका खण्डन करने के उद्देश्य से उन्होंने अपनी मृत्यु का स्थान मगहर को चुना था।

# निर्जला एकादशी का व्रत करने से ही मिल जाता है 24 एकादशियों के व्रत का फल





निर्जला एकादशी में चूँकि जल नहीं पिया जाता इसलिए इसे निर्जला एकादशी कहा जाता है। इस व्रत को स्त्री और पुरुष दोनों ही कर सकते हैं। इस दिन व्रत का संकल्प लेकर ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करना चाहिए। निर्जला एकादशी ज्येष्ठ मास में शुक्ल पक्ष के दिन पड़ती है। मान्यता है कि साल भर में जो चौबीस एकादशियां पड़ती हैं उनमें निर्जला एकादशी सर्वश्रेष्ठ है। यदि आपने 24 में से मात्र निर्जला एकादशी का व्रत रख लिया तो सभी 24 एकादशी का व्रत करने का पुण्य प्राप्त हो जाता है। निर्जला एकादशी में चूँकि जल नहीं पिया जाता इसलिए इसे निर्जला एकादशी कहा जाता है। इस व्रत को स्त्री और पुरुष दोनों ही कर सकते हैं। इस दिन व्रत का संकल्प लेकर ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करना चाहिए और वस्त्र, अन्न आदि तथा संभव हो तो गोदान भी करना चाहिए।

इस दिन पानी नहीं पिया जाता इसलिए यह व्रत अत्यधिक श्रम साध्य होने के साथ?साथ कष्ट एवं संयम साध्य भी है। जल पान के निषिद्ध होने पर भी इस व्रत में फलाहार के पश्चात दूध पीने का विधान है। इस दिन निर्जल व्रत करते हुए शेषशायी रूप में भगवान विष्णु की आराधना का विशेष महत्व है। इस एकादशी का व्रत करके यथासंभव अन्न, वस्त्र, छतरी, जूता, पंखी तथा फल आदि का दान करना चाहिए। इस दिन जल कलश का दान करने वालों को वर्ष भर की एकादशियों का फल लाभ प्राप्त हो जाता है। एक दिन महर्षि व्यास ने पांडवों को एकादशी के व्रत का विधान तथा फल बताया।

इस दिन जब वे भोजन करने के दोषों की चर्चा करने लगे तो भीमसेन ने अपनी आपत्ति प्रकट करते हुए कहा, "पितामह! एकादशी का व्रत करते हुए समूचा पांडव परिवार इस दिन अन्न जल न ग्रहण करे, आपके इस आदेश का पालन मुझसे नहीं हो पाएगा। मैं तो बिना खाए रह ही नहीं सकता।

महर्षि व्यास जानते थे कि भीमसेन के उदर में वृक नामक अग्नि है। इसीलिए अधिक मात्रा में भोजन करने पर भी उनकी भूख शांत नहीं होती। अतः भीमसेन के इस प्रकार के भाव को समझ महर्षि व्यास ने आदेश दिया, "प्रिय भीम! तुम ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी को ही मात्र एक व्रत किया करो। इस व्रत में स्नान आचमन के समय पानी पीने का दोष नहीं होता। इस दिन अन्न न खाकर, जितने पानी में एक माशा जवन की स्वर्ण मुद्रा डूब जाए, ग्रहण करो।



## आज का इतिहास

### 14 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1901 पहली बार गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।
1999 थाबो मबेकी दक्षिण अफ़्रीका के राष्ट्रपति निर्वाचित।
2001 जांच आयोग ने दीपेन्द्र को ही शाही परिवार का हत्यारा बताया।
2004 पंचशील सिद्धान्त की 50वीं वर्षगांठ पर बीजिंग में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार।
2005 माइकल जैक्सन बच्चों के साथ यौन दुर्व्यवहार से जुड़े दस मामलों में बरी।
2007 चीन के गोवी रेगिस्तान में पक्षीनुमा विशाल डायनसोर के जीवाश्म मिले।
2008 केन्द्र सरकार ने अलग गोरखालैंण्ड राज्य के निर्माण की सम्भावना को ख़ारिज किया। राजस्थान के बाँसवाड़ा ज़िले में 96 मीट्रिक टन की सोने की ख़ान का पता चला।
चीन के उत्तरी प्रान्त शांग्झी में एक कोयला खादान में विस्फोट में 27 लोग घायल हुए। नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेन्द्र ने नारायणहिती महल ख़ाली किया।

जन्मे व्यक्ति
1595 गुरु हरगोविंद सिंह - सिक्खों के छठे गुरु
1905 हीराबाई बरोदकर - भारतीय शास्त्रीय संगीतकार।
1960 शेखर सुमन - हिन्दी फ़िल्म अभिनेता एवं दूरदर्शन कलाकार हैं।
1955 किरण खेर - हिन्दी और बाँग्ला चलचित्र अभिनेत्री।

# समस्या की मिट्टी में समाधान का अंकुर फूटता है ?

### विचार बिन्दु



राजकुमार जैन राजन

**संघर्ष ही व्यक्ति को अपनी शक्ति का संचय एवम सामर्थ्य को सफलता प्राप्त करने की दिशा में नियोजित करने के लिए प्रेरित करता है और वास्तव में संघर्ष से आहत मनुष्य अंततः अवश्य ही अपनी योजनाओं में सफल होता है।**


जिंदगी एक पन्ने की तरह है, जिसके कुछ अक्षर फूलों से लिखे गए हैं, तो कुछ अक्षर अंगारों से लिखे गए हैं। क्योकि जीवन में कहीं सुख के गुलाब हैं तो कहीं कांटों का रेगिस्तान, कहीं सागर हैं तो कहीं घाटियां हैं तो कहीं सुंदर वन। एक जैसा जीवन किसी का नहीं है। सबको संघर्षो से सामना करना ही पड़ता है। इस दुनिया मे न उपदेशकों की कमी हैं, न धर्म शास्त्रों की कमी हैं, न ही विचार धाराओं या अच्छी बातों की कमी है। अगर कमी है तो ग्रहणशील लोगों की है।अच्छी बातों को जीवन मे उतारने की कमी हैं।आदमी का स्वभाव ही ऐसा है कि वह वही काम करता है, जिसमें उसकी रुचि हो और जिसके प्रति उसका आकर्षण होता है। दूसरी सारी बातें उसके लिए गौण हो जाती हैं। विश्व में हर वस्तु का अपना- अपना महत्व हैं, मूल्य है। जिस प्रकार मिट्टी का भी मूल्य होता है और हीरे का भी मूल्य होता है। मिट्टी का काम हीरा नहीं कर सकता और हीरे का काम मिट्टी नहीं कर सकती। इसी तरह जीवन मे सुख का अपना महत्व है और दुःख का अपना , क्योकि सुखानुभूति का स्थान दुःखानुभूति नहीं हो सकती और दुःखानुभूति का सुखानुभूति नहीं ले सकती। बस, इनका तारतम्य ही जीवन को समग्र, व्यापक और पूर्ण बनाता है। वास्तव में जीवन एक संघर्ष हैं।

पढ़ाई लिखाई का उच्च स्तर इतना बढ़ जाने के बावजूद नैतिक मूल्यों में गिरावट आ रही है तो इसका मतलब साफ है कि बौद्धिक विकास का चरित्र से कोई संबंध नहीं है। 'नैतिक पतन' की जो बीमारी संक्रामक और भयावह बन रही है,उसका उपचार, उसकी दवा शिक्षा और बौद्धिक विकास को मानना भ्रम के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। जितना ज्यादा बौद्धिक विकास हो रहा है, आदमी उतना ही छल - कपट के नये नये गुण सीख रहा है। पढ़ाई से चरित्र का विकास हो जाएगा यह हम नहीं मानते। इसका हमारे पास एक ही उत्तर है - यह सिर्फ प्रयोग के द्वारा ही सम्भव है। भाव पक्ष का सकारात्मक विकास हो तो चरित्र व नैतिक दृष्टि से हमारा विकास हो सकता है। जीवन का क्रम निरन्तर प्रवाहमान रहने वाला है। इसमें आने वाले उत्तर - चढ़ाव की परिस्थितियों को हमेशा ही सहज भाव से जीना चाहिए, जिससे व्यवहार में संत भाव का परिदर्शन हो सकता है। चीनी कहावत कि, 'रगड़ के बिना न तो हीरे में चमक आती है और न ही संघर्ष के बिना जीवन मे पूर्णता'। बचपन से लेकर बुढ़ापे तक हर व्यक्ति को संघर्ष कर ना पड़ता है। कभी विचारों का संघर्ष, कभी पारिवारिक संघर्ष, कभी आर्थिक संघर्ष३. अनगिनत संघर्षो के चक्रव्यूह जीवन मे देखने पड़ते हैं।

एक नन्हा -सा बीज जब वृक्ष बनता है, तब तक वह कितने संघर्षों - धूप, ठंड, बरसात, हवा, तूफान, ओले से मुकाबला कर चुका होता है। तभी वह वृक्ष के रूप में विख्यात होता है। आज तक जितने भी महापुरुष हुए हैं, सभी जीवन संघर्षों से लड़कर ही महान बने हैं। जीवन मे परिस्थितियों के आरोह - अवरोह का क्रम देखना पड़ता है। जीवन व्यवहार में आने वाले अवरोध हमें रोकने व रुलाने नहीं आते हैं वे छैनी, हथौड़ी की तरह होते हैं, जो हमारे सौभाग्य की प्रतिमा उभारने आते हैं। कष्टों में जिसने गुलाब की तरह पलना सिख लिया, उसने अपना भाग्य बदलना सीख लिया। गुलाब पर कांटे आते हैं उसको सुरक्षा देने के लिये और जिंदगी में दुःख -दर्द आते हैं उसे समझने के लिए, रास्ता बताने के लिए। व्यक्ति का आत्म विश्वास के साथ सतपथ पर चलने का संकल्प बल जाग गया तो सारी सफलताएं उसके कदम चूमने लगेंगी और प्रतिकूल परिस्थितियां अनुकूलता में बदलने लगेगी। संघर्ष के कारण ही व्यक्ति जीवन में आगे बढ़ता है। यही संघर्ष जीवन मे नए उत्साह की, नये साहस की लहर लाता है। संघर्ष का सामना करने का सर्वोत्तम उपाय है कि उसका स्वागत किया जाए। संघर्ष जीवन की एक कसौटी है जो अंत मे विजय का द्वार खोलती है और समस्या का समाधान करती है। समस्या की मिट्टी में समाधान का अंकुर फूटता है। जागृत व्यक्ति हर समस्या का समाधान पा ही लेता है। वास्तव में संघर्ष वह चुम्बक है जो व्यक्ति को लोहे से स्पर्श करवाकर सोने में तब्दील कर देता है। संघर्ष ही व्यक्ति को अपनी शक्ति का संचय करने एवम सामर्थ्य को सफलता प्राप्त करने की दिशा में नियोजित करने के लिए प्रेरित करता है और वास्तव में संघर्ष से आहत मनुष्य अंततः अवश्य ही अपनी योजनाओं में सफल होता है। समस्या व्यक्ति की कमजोरी मिटाने की सबल प्रेरणा देती है। एक नया मार्ग प्रशस्त करती है, विश्वास की भावना को प्रबल बनाते हुए समाधान तक पहुंचाती है।

# किडनी और लिवर के लिए घातक है हीट स्ट्रोक

**गर्मियों में काफी लोग हीट स्ट्रोक के शिकार हो जाते हैं। हीट स्ट्रोक एक गंभीर मामला है। इस स्थिति से पूरी तरह बचना संभव है, लेकिन हीट स्ट्रोक में जरा-सी लापरवाही मौत को न्योता दे सकती है। सबसे पहले समझते हैं कि हीट स्ट्रोक है क्या। कैसे ये शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित करता है और किन तरीकों से इससे बचा जा सकता है।**





### दिल, किडनी और लिवर ख़तरे में

तेज गर्मी से शरीर की मेटाबॉलिक एक्टिविटी यानी पेट से जुड़े अंगों के काम करने की क्षमता एकदम से बढ़ जाती है। इससे आमतौर पर ब्लड प्रेशर कम हो जाता है और तुरंत ही दिल पर इसका असर पड़ने लगता है, क्योंकि ऑक्सीजन का लेवल तेजी से कम होने लगता है। मेटाबॉलिज़्म बिगड़ने से शरीर में बेकार की चीजें को निकलने का मौका नहीं मिलता, जिससे किडनी और लिवर डैमेज होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में पेशेंट को आईसीयू में इलाज की जरूरत पड़ जाती है। यूरिन रुक जाने की हालात में किडनी तक फेल होने की संभावना बनी रहती है।

### जल्दी लक्षण समझें

शरीर का तापमान तेजी से बढ़ना, बहुत ज्यादा गर्मी लगना, सिरदर्द, थकान, पसीना न निकलना, चिड़चिड़ापन, चक्कर आना, जी मिचलाना, सांसों का तेजी से बढ़ना और घटना आदि हीट स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण होते हैं।

कई बार एकाएक बेहोशी या दौरे जैसे हालात भी बन जाते हैं। हीट स्ट्रोक में पहला घंटा सबसे अहम होता है। इसके बाद जान को खतरा बढ़ता ही चला जाता है।

### मरीज़ की ऐसे कर सकते हैं मदद

कोई गर्मी के कारण बेहोश होता दिखे, तो उसे तुरंत पानी या इलेक्ट्रोलाइट्स का घोल पिलाएं। बेहोश हो गया हो, तो तुरंत उसके सिर, हाथ, बगलों और तलवों पर ठंडे पानी में भिगोया कपड़ा रखें।

उसे छांव में ले जाएं। हो सके तो बर्फ के पानी की पट्टियां रखें। ये सारे फर्स्ट एड हैं, इसलिए अस्पताल ले जाने में जरा भी देर न करें। मौसम कोई भी हो, थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पिलाते रहें। लंबे समय तक धूप में काम करने वालों को चाहिए कि बीच-बीच में किसी ठंडी जगह पर जाकर दो मिनट शरीर को आराम देते रहें।

### दो तरह से होता है प्रभाव

हीट स्ट्रोक उन लोगों को जल्दी प्रभावित करता है, जो बिना किसी सुरक्षा उपाय के धूप में या बहुत ही गर्मी में लंबे समय तक रहते हैं।



इनमें जिम में एक्सरसाइज करने वाले लोग भी शामिल हैं। सड़क पर काम करने वाले और किसी भट्ठी पर काम करने वाले मज़दूरों को हीट स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा होता है। एक दूसरी तरह के हीट स्ट्रोक का अटैक अमूमन उन लोगों पर होता है, जिनका शरीर बदलते तापमान के हिसाब से जल्दी एडजस्ट नहीं होता। इसमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग और वे लोग शामिल हैं, जो किसी लंबी बीमारी से जूझ रहे होते हैं।


# हैप्पी ओल्ड एज के स्मार्ट टिप्स



'जियो और जीने दो' के सिध्दांत को स्थापित रखने का प्रयास करें। जीवन के हर क्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण सतर्क रहें। आवश्यक चैकअप समय-समय पर कराते रहें। जहां तक संभव हो प्रौढ़ावस्था में ही अपनी वृध्दावस्था की तैयारी आरंभ कर दें। अपना बैंक-बैलेंस और आभूषणों को भविष्य में आने वाले समय के लिए सुरक्षित रखें। अपना सब कुछ बांटने और देने की भूल, भूलकर भी न करें। व्यस्त और सक्रिय रहने का प्रयास करें। इसके लिए नियमित रूप से समय के साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। आपका स्वभाव जितना अच्छा होगा, उतना ही आपका बुढ़ापा अच्छा कटेगा। इस बात का विशेष ध्यान रखें। युवा पीढ़ी से ही नहीं, बल्कि किसी अन्य से भी अधिक उम्मीदें कभी न रखें। नौकरी से अवकाश के उपरांत घर पर व्यर्थ न बैठें और न ही आत्मकेन्द्रित बनें, बल्कि समाज व सामाजिक कार्यों के प्रति अपना सक्रिय योगदान दें। आज की आधुनिक जीवनशैली में बहुत आवश्यक है आपका समय के साथ चलना, इसलिए समय के साथ-साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। दूसरे के काम आने का प्रयास करें, इससे आपको भी आत्मसंतुष्टि मिलेगी और दूसरे भी आपसे खुश रहेंगे। इस अवस्था में आप अपनी रुचि व इच्छा के वे सभी कार्य करें, जो आप अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए न कर सके थे। नकारात्मक विचारों को मन में स्थान न दें। सकारात्मक सोच के साथ जीवन के हर सुख-दु:ख को जीने का प्रयास करें। स्वयं में आत्मबल का विकास करें। हर विपरीत परिस्थिति में अपना संयम न खोयें, बल्कि धैर्य और शान्ति से बुरे समय के निकल जाने का इन्तजार करें।

# न्यूरोपैथिक दर्द से पाएं राहत

**न्यूरोपैथिक पेन एक जटिल और लंबे वक्त तक चलने वाला दर्द है। यह दर्द क्षतिग्रस्त व ठीक तरह से काम न करने वाले या चोटिल स्नायु (नर्व) फाइबर्स के कारण पैदा होता है।**



### उपचार

न्यूरोपैथिक दर्द के कारण को चिन्हित करते हुए चिकित्सा करना। डीकम्प्रेशन मिनिमल इन्वेसिव सर्जरी के जरिये तंत्रिका पर पड़ रहे दबाव को हटाना। रीढ़ या आसपास के भाग में नर्व ब्लाक इंजेक्शन- के जरिये चिकित्सा करना।

### लक्षण

सुइयां जैसी चुभना, जलन होना, त्वचा का सुन्न पड़ जाना और तेज दर्द होना इस रोग के लक्षण हैं। इसके अलावा बिजली के करेंट जैसा झटके के साथ दर्द होना और चींटियां जैसा काटने का अनुभव होना न्यूरोपैथिक दर्द के लक्षण हैं।

### कारण

न्यूरोपैथिक दर्द के कुछ सामान्य कारणों में शराब का अत्यधिक सेवन, डाइबिटीज होना, एचआईवी संक्रमण, रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन और पैर व कमर संबंधी समस्या को शामिल किया जाता है।

### डायग्नोसिस

न्यूरोपैथिक दर्द का पता लगाने के लिए डॉक्टर शारीरिक जांच करते हैं। आपके स्नायुओं (नर्व्स) को नुकसान पहुंचा है या नहीं, यह पता लगाने का सबसे सामान्य तरीका है- इलेक्ट्रोमायोग्राम के साथ नर्व कंडक्शन स्टडी। सियोमीटर जांच।

### गलत धारणाएं और तथ्य

केवल डाइबिटीज से ग्रस्त व्यक्तियों को ही न्यूरोपैथिक दर्द होता है।

इस तरह की धारणा गलत है। सच तो यह है कि डाइबिटीज से ग्रस्त व्यक्तियों में न्यूरोपैथिक समस्या सामान्य रूप से पायी जाती है, लेकिन कीमोथेरेपी लेने वाले, किसी तरह की चोट या बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों, ऐसे व्यक्ति जिनका कोई अंग-भंग हो गया हो, उन्हें भी न्यूरोपैथिक दर्द हो सकता है। बढ़ती उम्र के साथ भी न्यूरोपैथिक दर्द हो सकता है।

### रोकथाम

तंत्रिकाओं (नर्व्स) का दर्द कम करने के लिए डाइबिटीज पर नियंत्रण रखें। नशे से दूर रहें और व्यायाम करें।

व्यायाम से पैरों और पंजों के स्नायुओं में रक्त संचार ठीक तरह से होता है।

**व्यायाम**- उंगलियों और हाथों को गोल-गोल घुमाएं, पूरे शरीर की मांसपेशियों को स्ट्रेच करें।

**खान- पान:** में साबुत अनाज, विटामिन सी युक्त फल और हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर और पौधों से प्राप्त वसा का सेवन लाभकारी है।

# क्यों उठ रहा है दिमाग में

**बीते दिनों नेपाल और भारत में आए भूकंप के बाद तमाम लोग डॉक्टरों और मनोरोग विशेषज्ञों के पास गए। इनमें से ज्यादातर लोगों की प्रमुख शिकायत थी कि भूकंप के गुजर जाने के बाद वे बेचैनी महसूस कर रहे हैं...। किसी का कहना था कि उन्हें ढंग से नींद नहीं आ रही है कि पता नहीं कब भूकंप के झटके महसूस होने लगे। किसी-किसी का कहना था कि उन्हें अभी भी कभी-कभी यह महसूस होता है कि जमीन हिल रही है...आदि।**



### पोस्ट ट्रामेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर

इस संदर्भ में नई दिल्ली के वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अचल भगत कहते हैं कि मेरे पास उपर्युक्त समस्याओं के बाबत लोग आए। असल में दो तरह के लोग होते हैं, एक तो वे जिन्हें भूकंप के दौरान जान-माल की क्षति हुई। ऐसे लोग एक मनोरोग- पोस्ट ट्रामेटिक स्ट्रेस डिस्आर्डर- से ग्रस्त हो सकते हैं। ऐसे लोगों में घबराहट बहुत ज्यादा होती है। उनके दिमाग में पुरानी घटनाओं का फ्लैश बैक चलता रहता है।

### बचें कैटेस्ट्रॉफिक थिंकिंग- से

जिन लोगों का भूकंप से नुकसान नहीं हुआ है और वे तब भी आशंकाग्रस्त व अत्यधिक भयग्रस्त हैं, तो उनकी इस सोच को मनोचिकित्सकीय भाषा में कैटेस्ट्रॉफिक थिंकिंग (हादसे से संबंधित सोच) कहा जाता है। इस संदर्भ में नई दिल्ली के एक अन्य वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. गौरव गुप्ता कहते हैं कि भूकंप के बाद तमाम लोगों के मन में डर अपनी जड़ें जमा लेता हैं। धीरे-धीरे यह भय एंग्जाइटी (बेचैनी) में बदल जाता है।

### इलाज

कोई व्यक्ति भूकंप के गुजरने के बाद भी बेचैनी महसूस कर रहा है, तो वह मनोरोग विशेषज्ञ से काउंसलिंग व दवा ले। ध्यान दूसरी ओर आकर्षित करें। किसी हॉबी में मशगूल हों। मन को बहलाने का प्रयास करें। ईश्वर का ध्यान करें। इससे आपका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ता है, मन की बेचैनी कम होती है और आप इस सत्य को समझने लगते हैं कि भगवान की मर्जी के आगे किसी की नहीं चलती। इसलिए स्वयं को नकारात्मक सोच के दायरे में रखना अपना ही नुकसान करना है।

# मायोपिया से बचने के लिए टीवी कम देखें

बात जब मनोरंजन की हो, तो अपने बच्चे को स्क्रीन देखने से ज़्यादा आउटडोर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। यह मायोपिया से बचाव का की फैक्टर हो सकता है। अनुमान है कि भारत में हर तीन में से एक व्यक्ति मायोपिया का शिकार है और बच्चों में यह समस्या बढ़ रही है। एम्स के शोधकर्ताओं के अनुसार भारत में 12 साल की उम्र के आठ बच्चों में से एक को ब्लैकबोर्ड पढ़ने के लिए चश्मा लगता है। इस अध्ययन में दिल्ली के सरकारी और निजी स्कूलों के करीब 10 हज़ार छात्रों की समीक्षा की गई और पाया गया कि 11.6 साल की औसत उम्र के 13.1 फीसदी बच्चे निकट दृष्टि दोष के शिकार हैं। हालांकि अब तक सूरज की रोशनी और मायोपिया का संबंध स्थापित नहीं किया जा सका है लेकिन कई ताज़ा अध्ययनों की दलील है कि सूरज की रोशनी इस रोग से बचाव में मदद करती है। शोधकर्ता कहते हैं कि इस रोग के लिए जीन्स की भूमिका भी हो सकती है। यूरोप और एशिया के 45 हज़ार लोगों पर किये जा रहे एक बड़े अध्ययन में सामने आया है कि दृष्टि से 24 जीन्स का संबंध है जिनमें से 2 इस रोग के कारण से जुड़े हैं। जिन लोगों में ये जीन्स होते हैं उनमें मायोपिया होने की आशंका 10 गुना बढ़ जाती है। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे उन बच्चों में मायोपिया के मामले ज़्यादा देखे गये, जिनके अभिभावक या भाई-बहन इस रोग से ग्रस्त हैं या जो उच्च आय वाले परिवारों से संबंधित हैं। यह आनुवांशिकी को नहीं दर्शाता लेकिन कुछ ऐसी गतिविधियों को इंगित करता है जो नेत्र संबंधी समस्या से जुड़ी हैं जैसे टीवी या स्क्रीन गैजेट्स आदि का प्रयोग। शोधकर्ताओं ने पाया कि उन बच्चों में मायोपिया सबसे ज़्यादा पाया गया जो दिन में पांच घंटे से ज़्यादा पढ़ते हैं या टीवी, कंप्यूटर, वीडियो व मोबाइल गेम्स आदि पर रोज़ दो घंटे से ज़्यादा समय बिताते हैं।

# स्त्रियों में कुपोषण की समस्या



कुपोषण का अर्थ है पोषण की कमी। पोषण मिलता है उचित आहार-विहार द्वारा। जब अनुचित या मिथ्या आहार-विहार किया जाता है तो प्राय शरीर में किसी न किसी पदार्थ की कमी होना स्वाभाविक है एवं उस पदार्थ की कमी विभिन्न लक्षणों के रूप में व्यक्त हो कर शरीर को रोगी बना देती है। कुपोषण स्त्री, पुरूष व बच्चे किसी में भी पाया जा सकता है। यहां हम चर्चा करेंगे स्त्रियों में कुपोषण की समस्या पर। आज यह एक ज्वलंत समस्या बन कर खड़ी है। बढ़ती महंगाई व बढ़ती जनसंख्या एवं घटते संसाधनों के कारण यह समस्या निरंतर दुखदायी बनती जा रही है। स्त्री चूंकि परिवार व समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ है- अत: उसका स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। रोगिणी या कमजोर स्त्री का परिवार कभी सुखी नहीं हो सकता। अत यह समस्या केवल शारीरिक ही नहीं अपितु सामाजिक समस्या भी है। लक्षण = कुपोषण होने पर प्राय शारीरिक कमजोरी, मानसिक अवसाद, खून की कमी, शरीर का पीला या सफेद पड़ना, आंखों के चारों ओर कालिमा होना, आंखें गड्ढे में धंसी दिखाई पड़ना, भूख की कमी, थोड़े प्रयास से भी श्वास चढ़ना, चक्कर आना, इसके अलावा किसी विशेष विटामिन या आयरन, प्रोटीन व मिनरल की कमी से होने वाले विशेष लक्षण दिखलाई पड़ते हैं। प्रोटीन की कमी के कारण मांसपोशियों का कमजोर होना और यकृत का ठीक से कार्य न करना, विटामिन ए की कमी से आंखों का कमजोर व बीमार होना पाया जाता है।

**विटामिन बी:**की कमी से विकार व नाड़ी विकार होते हैं।


**विटामिन सी:** की कमी होने पर विभिन्न अस्थि रोग होते हैं। इसी प्रकार अन्य अनेक रोगों से शरीर ग्रस्त हो जाता है।

**कारण:** कुपोषण के अनेक कारण हैं, इनमें से कुछ निम्न प्रकार से हैं। गरीबी, भुखमरी, अपर्याप्त भोजन लेना। गलत भोजन का चयन अर्थात् ऐसा भोजन जिसमें विटामिन-मिनरल या अन्य पोषक पदार्थों का अभाव हो अर्थात् असंतुलित भोजन। आवश्यकता से अधिक भोजन लेना अपच पैदा कर कुपोषण का कारण बनता है।

एक ही प्रकार के विटामिन की अधिकता युक्त भोजन लेना। प्राकृतिक विषमताजन्य पदार्थ जैसे वनस्पतियों के बीज, पीतल, अल्यूमीनियम के बर्तनों में पका खाना। कुसमय भोजन करना, भोजन के प्रति लापरवाही बरतना। सस्ते के चक्कर में नीम-हकीमों की सलाह लेना। गरीबी, ईर्ष्या, घर की सफाई पर ध्यान देना। किसी दिमागी या शारीरिक रोग की वजह से भूख न लगना। कट्टर शाकाहारी होना।

नशेड़ी होना। गर्भावस्था के दौरान, स्तनपान के दौरान। कड़ा परिश्रम करने वालों में खासकर ठंडे प्रदेश में सामान्य खुराक पर्याप्त नहीं होती। कभी-कभी किन्हीं रोगों के कारण भी कुपोषण की समस्या उत्पन्न होती है। लंबी अवधि तक किसी शल्य कर्म के कारण ग्लूकोस का चढ़ना। लंबी अवधि तक एंटीबायोटिक लेने से आंतों के बैक्टीरिया की क्रियाशीलता का कम होना। नेफ्रोटिक सिंड्रोम में प्रोटीन का मूत्र द्वारा बाहर निकल जाना प्रोटीन की कमी का कारण बनता है। डायबिटीज में ग्लूकोज का अधिक मात्रा में मूत्र में आना।

अधिक माहवारी होना लौह तत्व की कमी का कारण बनता है। अतिसार या दस्त आना पोटेशियम की कमी करता है। इस प्रकार उपरोक्त कारणों में से कोई एक कारण भी कुपोषण पैदा कर सकता है। उपरोक्त लक्षणों की जानकारी हासिल कर लेने के पश्चात आप स्वयं भी इसका निर्णय कर सकते हैं कि कहीं आप कुपोषण से ग्रस्त तो नहीं हैं? घर की व घर के अन्य सदस्यों की देखभाल करने में स्त्रियां प्राय अपनी स्वयं की ओर ध्यान नहीं दे पाती। काम निपटाकर हीं भोजन करने की प्रवृत्ति उन्हें रोगी बना सकती है परन्तु उन्हें अपनी इस आदत को त्यागकर अपना ध्यान अवश्य रखना चाहिए। ऐसा न हो कि कुपोषण का छोटा स्वरूप भी कहीं किसी गंभीर रोग में तब्दील हो जाए। यदि उपरोक्त एक भी लक्षण आपको स्वयं में दिखाई दे तो समय नष्ट किए बिना चिकित्सक से परामर्श लें व उचित उपचार में लापरवाही न बरतें।



# करन ने नए सितारों को दी ये सलाह ...

**नई दिल्ली।** करण जौहर बुधवार को मुंबई में अपनी आने वाली प्रोडक्शन किल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। फिल्म मेकर ने इंडस्ट्री में बढ़ती हुई एन्टोरेज लागत के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 'एन्टोरेज लागत हमारी समस्याओं में सबसे छोटी है। यह कलाकारों का मुख्य पारिश्रमिक है जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि सभी एक्टर्स के लिए यह समझना बहुत अहम है कि समय कैसा है। हमारी फिल्मों का माहौल कैसा है, किसी भी साइज की बड़ी मोशन पिक्चर बनाना कितना कठिन और मुश्किल है। फिल्म निर्माण की प्रक्रिया में शामिल अतिरिक्त लागतों के बारे में विस्तार से बताते हुए केजेओ ने कहा, 'यह बहुत मुश्किल है।

लाइफ Style

# तापसी

## इतना भाव क्यों खाती है!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस हैं, जो फिल्मों और अपने काम से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। खासतौर से अपने बर्ताव के लिए। उन्हें अक्सर पपाराजी पर चिल्लाते या गुस्सा करते हुए देखा जा चुका है।

इस बार भी वो इसी कारण फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। उनका एटिट्यूड देख यूजर्स उन्हें जमकर खरी-खोटी सुना रहे हैं। एक ने लिखा, 'मुझे समझ में नहीं आता कि आप भी स्वघोषित सेलिब्रिटी के साथ सेल्फी क्यों लेना चाहते हैं।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'क्या है यार ये... अपने फैंस की रिक्वेस्ट करो उनकी वजह से हो।' अन्य लिखते हैं, 'ये इतना भाव क्यों खाती है, कुछ फिल्में करके।'

वीडियो में तापसी पन्नू अपनी बहन शगुन के साथ आती हुई दिख रही हैं। उन्हें देखते ही पपाराजी उन्हें रुककर पोज देने की रिक्वेस्ट करते हैं। कुछ फैंस भी हैं, जो सेल्फी लेने के लिए बेकरार दिखे। सभी 'मैम मैम...' कहते हुए उनसे तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश कर रहे हैं, लेकिन तापसी किसी की एक नहीं सुनती हैं। कार का दरवाजा खोलते हुए तापसी कहती हैं, 'हट जाइये, प्लीज हट जाइये। आप मेरे बहुत पास आ रहे हैं।' इसके बाद वो गुस्से में अपनी कार में जाकर बैठ जाती हैं। तापसी का ये बर्ताव देखने के बाद यूजर्स गुस्से से तमतमा गए हैं। कुछ लोग तो ये भी कह रहे हैं कि कोई इसका फैन कैसे हो सकता है!



हॉलीवुड मसाला



# अपने नाम से 'पिट' हटाएंगी...

**लॉस एंजिलिस।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की सबसे बड़ी बायोलॉजिकल बेटी शिलोह जोली-पिट ने 18 साल की होने के तुरंत बाद अपने आखिरी नाम (सरनेम) से 'पिट' हटाने के लिए कानूनी कागज कार्रवाई दायर की है। कभी हॉलीवुड के फेमस स्टार कपल रहे एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के रिश्ते खराब हो चुके हैं। अब उनसे जुड़ी एक बड़ी रिपोर्ट सामने आई है। बताया जा रहा है कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की सबसे बड़ी बेटी शिलोह जोली-पिट ने कथित तौर पर अपने आखिरी नाम से 'पिट' हटाने के लिए कानूनी कागजी कार्रवाई दायर की है।



# प्रैक्टिकल मैजिक के सीक्वल में नजर आएंगी सैंड्रा-निकोल

**लॉस एंजिलिस।** साल 1998 में आई वार्नर ब्रदर्स के बैनर तले बनी फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक के सीक्वल को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। हाल ही में स्टूडियो ने जानकारी दी है कि फिल्म के दूसरे भाग में सैंड्रा बुलॉक और निकोल किडमैन दोबारा नजर आ सकती हैं। सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी के अनुसार दोनों से इस फिल्म को लेकर बातचीत चल रही है। रॉबिन स्विकॉर्ड और एडम ब्रूक्स के साथ मूल फिल्म लिखने वाले अकीवा गोल्ड्समैन इस फिल्म की भी पटकथा लिखेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सैंड्रा और निकोल फिल्म से निर्माता के तौर पर मूल फिल्म के प्रोड्यूसर डेनिस डि नोवी के साथ जुड़ सकती हैं। फिलहाल, सीक्वल की कहानी के बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।



# दिलीप कुमार को याद कर हुईं भावुक


**मुंबई।** अभिनेत्री फरीदा जलाल अपने करियर में राजेश खन्ना की हीरोइन रह चुकी हैं। राजेश खन्ना के अलावा उन्होंने दिलीप कुमार के साथ फिल्म 'गोपी' में काम किया था। दिलीप कुमार के बातें करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, 'दिलीप साहब का दिल सोने का था। उनकी शालीनता की मैं क्या मिसाल दूं। उन जैसा कोई हो ही नहीं सकता है। सेट पर आप उनको देखकर कह ही नहीं सकते थे कि ये सुपर स्टार हैं'। 'मुझे अच्छी तरह से याद है जब मुझे 'गोपी' फिल्म ऑफर की गई थी तब मैंने दिलीप कुमार और मीना कुमारी के साथ काम करने के लिए तुरंत हां कर दिया था। एक कलाकार और इंसान के तौर पर मुझे दोनों से काफी कुछ सीखने को मिला था। मैं आज भी दिलीप कुमार और मीना कुमारी की फैन हूं'।



# बॉर्डर के पूरे हुए 27 साल मनाया जश्न...

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर' ने गुरुवार को अपनी रिलीज के 27 साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म के सीक्वल का भी ऐलान हो चुका है। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म की आधिकारिक घोषणा गुरुवार (13 जून) को कर दी। इस अवसर पर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर खास अंदाज में फिल्म के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। दरअसल, अभिनेता ने फिल्म में अपने अभिनय को याद करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सीन की एक क्लिप पोस्ट की है। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों को टैग किया। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ ने वायु सेना के अधिकारी विंग कमांडर आनंद बाजपेयी का किरदार निभाया था।

टीवी मसाला




# 'बिग बॉस ओटीटी 3' के घर में होगी मीका सिंह की एंट्री?

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी' का तीसरा सीजन जल्द ही दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए तैयार है। हर कोई यह जानने के लिए उत्साहित है कि इस बार रियलिटी शो में कौन भाग लेगा, वहीं अब खबर आई है कि गायक मीका सिंह को भी अनिल कपूर के शो के लिए अप्रोच किया गया है। कथित तौर पर, निर्माता शोबिज की दुनिया से एक लोकप्रिय नाम को लाने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल उनके पास अभिनेत्री-निर्माता पूजा भट्ट थीं, अब वे मीका सिंह को शो में लाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि मीका की मेकर्स के साथ डील फाइनल हुई है या नहीं। 'बिग बॉस ओटीटी 3' का प्रीमियर 21 जून को जियो सिनेमा पर होगा और इसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। शो की मेजबानी के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए, अनिल कपूर ने पहले कहा था, "बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं! हम दोनों दिल से जवान हैं; लोग अक्सर मजाक में कहते हैं कि मैं उल्टा बूढ़ा हो रहा हूं, लेकिन बिग बॉस वाकई अच्छा शो है। यह कुछ हद तक स्कूल वापस जाने जैसा लगता है, कुछ नया और रोमांचक करने की कोशिश करना।

## मोना सिंह ने ठुकरा दिया था करण ओबेरॉय से शादी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** करण ओबेरॉय और मोना सिंह की मुलाकात साल 2006 में टीवी शो 'जस्सी जैसी कोई नहीं' की शूटिंग के दौरान हुई थी। सेट पर एक दूसरे के साथ ज्यादा समय बिताने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। हालांकि, कुछ समय तक डेट करने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया था। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान अभिनेता ने अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वह मोना से शादी करना चाहते थे, लेकिन अभिनेत्री ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उस समय को याद करते हुए करण ने मोना को बेपरवाह और खुलकर हंसने वाली शख्सियत बताया, जिसकी वजह से वह उनकी ओर आकर्षित हुए थे। उन्होंने कहा कि भले ही दोनों का रिश्ता टूट गया हो, लेकिन उनके मन में मोना के लिए कोई भी बुरी भावना नहीं है। करण ने स्वीकार किया कि उस समय वह इस दृष्टिकोण को नहीं समझ पाए थे।



# फिल्म फसल के सॉन्ग 'बलमु के हिपिया' ने मचाई धूम...

**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्म फसल की जोरदार धूम है। फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला और इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे लीड रोल में है। मरून कलर सडिया गाना इसका यूट्यूब पर जमकर धूम मचा रहा है। इस गाने में भोजपुरी की यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे और जुबली स्टार निरहुआ नजर आ रहे है। लेकिन आप जानते हैं कि मरून कलर सडिया और फसल में जान बसल गानों की खूब धूम है। इन भोजपुरा गानों में निरहुआ और आम्रपाली दुबे की केमेस्ट्री को जमकर पसंद किया जा रहा है। लेकिन भोजपुरी फसल का एक और गाना भी है जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। हम बात कर रहे हैं फसल फिल्म के गाने बलमु के हिपिया को खूब पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे के गाने और फिल्में जब भी आती हैं तो बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा देती है। ऐसा ही कुछ फसल के बारे में भी कहा जाता है। लेकिन इसके गाने भी कम धूम नहीं मचा रहे है। बलमु के हिपिया (यहां हिपिया से अर्थ हिप्पी कट हेयर स्टाइल से है)।



# 15 अगस्त को रिलीज नहीं होगी फिल्म 'पुष्पा 2'

**नई दिल्ली।** टी सीरीज की फिल्म 'खेल खेल में' के इस साल 15 अगस्त को रिलीज होने की बात तय होते ही अब ये भी तय हो चला है कि इस दिन फिल्म 'पुष्पा 2' रिलीज नहीं हो रही है। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज 15 अगस्त को होनी है, ये तय होने के बाद से तमाम हिंदी और दूसरी भाषाई फिल्मों ने अपनी फिल्मों की रिलीज डेट आगे पीछे कर ली थी। सबसे पहले इस तारीख पर फिल्म रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' उर्फ 'सिंघम 3' आने का एलान हुआ था लेकिन 'पुष्पा 2' के इसी तारीख को आने की घोषणा के बाद एक सुपरहिट फिल्म की सख्त जरूरत महसूस कर रहे निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म 'सिंघम अगेन' को खिसकाकर दिवाली के पास कर लिया था। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज टलने के बाद भी अजय देवगन की इस फिल्म के अब 15 अगस्त को वापस रिलीज होने की संभावना नहीं है। अजय देवगन ने इस बारे में पूछे जाने पर गुरुवार को भी इससे इनकार ही किया।




जानकारी के मुताबिक फिल्म 'पुष्पा 2' में मुख्य विलेन बने मलयालम सिनेमा के अभिनेता फहद फासिल इन दिनों कई फिल्में एक साथ कर रहे हैं और फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए मिली उनकी तारीखों का उपयोग किया भी जा रहा था।

# 1976 की सुपरहिट फिल्म, स्क्रिप्ट सुनते-सुनते ही सो गए थे शत्रुघ्न सिन्हा

*हिंदी सिनेमा का दिग्गज सितारा, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत में कई छोटे-छोटे रोल किए दमदार आवाज वाले वो स्टार हैं शत्रुघ्न सिन्हा। साल 1976 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था, जिसके लिए वह पहली पसंद ही नहीं थे। लेकिन, इसी फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बनाया था। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। देखते ही देखते वह लीड एक्टर्स की जमात में खड़े हो गए। लेकिन यहां तक आने के लिए उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा था। तब जाकर एक्टर की नैया पार लगी थी।*

**नई दिल्ली।** आज इंडस्ट्री के दिग्गज कहलाने वाले स्टार शत्रुघ्न सिन्हा को साल 1976 में फिल्म कालीचरण में काम करने का मौका मिला था। इसी फिल्म के बाद उनकी किस्मत का सितारा चमका था। इससे पहले उन्होंने जिन फिल्मों में काम किया, उनसे उन्हें वो पहचान नहीं मिली, जो इस फिल्म से मिली। फिल्म कालीचरण में शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार लीड रोल में अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिला था। फिल्म में बतौर स्टार उनकी जिंदगी बदल दी। वह रातोंरात स्टार बन गए थे। फिल्म इतनी बड़ी हिट साबित हुई थी कि फिल्म के डायलॉग लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगे थे।



## राजेश और सुनील को ऑफर हुई थीं फिल्म

शत्रुघ्न सिन्हा से पहले ये फिल्म राजेश खन्ना और सुनील दत्त जैसे स्टार्स को भी ऑफर हुई थी। लेकिन बात नहीं बनी। क्योंकि फिल्म से किस्मत तो राजेश खन्ना की चमकने वाली थी, फाइनली फिल्म उनके हिस्से में आई और देखते ही देखते वह मेकर्स की पहली पसंद बन गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के लिए सुभाष घई ने ही डायरेक्टर सिप्पी साहब को शत्रुघ्न सिन्हा का नाम दिया था। लेकिन जब सुभाष घई उनके पास स्क्रिप्ट लेकर गए तो कहानी सुनते -सुनते शत्रुघ्न सिन्हा सो गए थे। फिर भी उन्होंने फिल्म के लिए एक्टर को राजी कर लिया था और यही फिल्म उनके लिए मील का पत्थर साबित हुई थी। बता दें एक समय ऐसा भी था जब फिल्म 'खिलौना' से तो शत्रुघ्न सिन्हा को बाहर ही कर दिया गया था। तब इस फिल्म की लीड एक्टर मुमताज ने डायरेक्टर से झगड़कर एक्टर को फिल्म में दोबारा से काम दिलाया था। दोनों कॉलेज टाइम से ही अच्छे दोस्त रहे हैं।

# जब हेलेन संग रिलेशनशिप में आए सलीम खान, अरबाज सलमान को किया घर से दूर



**मुंबई।** अरबाज खान के पॉपुलर पॉडकास्टर 'द इनविंसिबल्स' पिछले साल यूट्यूब शुरू हुआ। इस चैट शो के पहले एपिसोड में उन्होंने अपने पिता, स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान का इंटरव्यू लिया था। यह टॉक शो काफी चर्चित रहा। इसमें सलीम ने अपनी पर्सनल लाइफ, शादीशुदा होत हुए हेलेन से संग रिलेशनशिप और शादी और बच्चों के साथ उनके व्यवहार के बारे में बात की थी। अब इस इंटरव्यू का एक अनकट वर्जन जारी किया गया है। इस इसमें सलीम खान को दूसरी शादी और बच्चों को बोर्डिंग स्कूल के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है। अरबाज खान ने अपने पिता से सलमा खान से शादी के बारे में पूछा। उन्होंने ये भी पूछा कि चुनौती के दौरान उन्होंने दोनों तरफ की फैमिली को कैसे एक साथ लाकर खड़ा किया? अरबाज ने सलीम खान से पूछा कि हेलेन के रिलेशनशिप में रहने के दौरान उन्हें (अरबाज) और सलमान खान को बोर्डिंग स्कूल में क्यों भेजा गया? सलीम खान ने कहा कि वह नहीं चाहते थे कि अरबाज और सलमान की एजुकेशन में किसी भी तरह की बाधा न आए। उन्होंने कहा, 'जाहिर है, तुम दोनों परेशान होते, जिसका असर तुम्हारी पढ़ाई पर पड़ता। लेकिन मैं तुम्हें 2 साल बाद वापस ले आया।'

## सलमा खान ने सबसे पहले हेलेन को एक्सेप्ट किया

अरबाज खान ने फिर पिता से पूछा कि उन्होंने बिना किसी फैमिली को छोड़े इस स्थिति को कैसे संभाला। सलीम ने जवाब दिया, 'उस समय, यह बहुत जरूरी था कि मेरी मंशा सभी को समझ में आए, मेरे बच्चे, घर के सदस्य, सभी जानते थे कि मैं परिवार या हेलेन को नहीं छोड़ना चाहता। तुम्हारी मां सलमा ने सबसे पहले हेलेन को स्वीकार किया और धीरे-धीरे सभी ने मिलजुलकर रहना शुरू कर दिया।'

## सलीम ने बताया कठिन चुनौती

सलीम खान ने यह भी कहा कि कई लोगों ने फिल्मों और असल जिंदगी में इस तरह के रिश्ते को दिखाने की कोशिश की है, लेकिन दोनों तरफ के लोगों को एक जैसी इम्पोर्टेंस देना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा, 'यही बात इसे इतना चुनौतीपूर्ण बनाती है।' सलीम खान ने 1964 में सुशीला चरक से शादी की, जिन्होंने बाद में अपना नाम सलमा खान रख लिया। उनके तीन बेटे हैं - सलमान खान, अरबाज खान और सोहेल खान। सलीम खान ने 1981 में हेलेन से शादी की थी।

**खबर संक्षेप**

## भारत ने यूएई को किया अनानास का निर्यात



**नई दिल्ली।** भारत ने देश के फल निर्यात को बढ़ावा देने के मकसद से संयुक्त अरब अमीरात को उच्च गुणवत्ता वाले 8.7 टन अनानास की पहली खेप निर्यात की है। वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एमडी2 किस्म का अनानास को 'गोल्डन रिप' या 'सुपर स्वीट' के नाम से भी पहचाना जाता है।

## सोने में 50 रु. की गिरावट चांदी 550 रुपए टूटी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 90,950 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

## ओमेगा सेकी ईवी ने की ऑर्बिट्सिस से करार

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) ने अपने दैनिक ईवी डीलरशिप परिचालन की दक्षता बढ़ाने के लिए प्रबंधन कंपनी ऑर्बिटसिस टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी की है। सभी इलेक्ट्रिक यात्री तथा वाणिज्यिक वाहन श्रेणियों में ओमेगा सेकी मोबिलिटी के बिक्री से पूर्व व उसके बाद के 'टचपॉइंट्स' का समर्थन करेगी।

## पीएलआई योजना से आएगा चार लाख करोड़ का निवेश




**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर, सौर मॉड्यूल और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों में बड़ी परियोजनाएं शुरू होने की उम्मीदों के बीच उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना से अगले चार साल में तीन से चार लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने और दो लाख रोजगार के अवसरों का सृजन होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के एक शीर्ष अधिकारी ने यह अनुमान जताया है।

## सितंबर-दिसंबर में होगी 21वीं पशुधन की गणना



**नई दिल्ली।** सरकार सितंबर-दिसंबर की अवधि में मोबाइल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके 21वीं पशुधन गणना करेगी। पशुधन गणना में सभी गांवों और शहरी वार्डों को शामिल किया जाएगा। इसमें मवेशियों, भैंसों, याक, भेड़, बकरी, सुअर, घोड़े, टट्टू, खच्चर, गधे, ऊंट, कुत्ते, खरगोश और हाथी सहित पशुओं की विभिन्न प्रजातियों की गणना की जाएगी।

## नेस्ले इंडिया मूल कंपनी को रॉयल्टी जारी रखेगी




**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल के उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया ने अपनी मूल कंपनी को शुद्ध बिक्री के 4.5 प्रतिशत की मौजूदा दर पर रॉयल्टी का भुगतान करना जारी रखेगी। नेस्ले इंडिया ने बयान में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में सोसायटी डेस प्रोड्यूट्स नेस्ले एसए (लाइसेंसकर्ता) को 4.5 प्रतिशत की मौजूदा दर पर सामान्य लाइसेंस शुल्क (रॉयल्टी) का भुगतान जारी रखने को मंजूरी दी है और कंपनी के सदस्यों से उनकी मंजूरी के लिए सिफारिश की।

# सैटेलाइट इंटरनेट की रेस में मुकेश अंबानी ने मारी बाजी, पीछे छूट गए मस्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी ने सैटेलाइट इंटरनेट की रेस में बाजी मार ली है।

- इन-स्पेस ने सैटेलाइट ऑपरेट करने के लिए हरी झंडी दी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफॉर्म्स और लक्जमबर्ग की कंपनी एसईएस के जॉइंट वेंचर को देश में गीगाबिट फाइबर इंटरनेट प्रदान करने के लिए सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी मिल गई है।

एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि स्पेस रेगुलेटर ने इन कंपनियों के जॉइंट वेंचर ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को भारत के आकाश में सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी दे दी है। ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को तीन तरह की मंजूरियां दी गई हैं। कंपनी को ये मंजूरियां ऐसे समय मिली हैं जब जेफ बेजोस की अमेजॉन डॉट कॉम से लेकर एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी कंपनियां भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए हरी झंडी का इंतजार कर रही हैं।

### जियो प्लेटफॉर्म ने लक्जमबर्ग की कंपनी के साथ बनाया है संयुक्त उपक्रम

**कौन-कौन हैं रेस में**

इन-स्पेस के चेयरमैन पवन गोयनका ने बताया कि एक और कंपनी इनमारसेट को भी भारत में सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी मिल गई है। दो अन्य कंपनियों एलन मस्क की स्टारलिंक और अमेजॉन की कुईपर ने भी इसके लिए आवेदन किया है। यूटेलसैट की भारती एंटरप्राइजेज के निवेश वाली कंपनी वनवेब को पिछले साल के अंत में सभी तरह की मंजूरियां दे दी गई थीं।



*श्रीलंका ने स्टारलिंक को दी मंजूरी : पिछले हफ्ते श्रीलंका ने स्टारलिंक को इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए शुरुआती मंजूरी दे दी थी। गोयनका ने कहा कि भारत में इस क्षेत्र में जितनी अधिक कंपनियां शामिल होंगी, उपभोक्ताओं के लिए उतना ही बेहतर होगा। भारत में कम्युनिकेशंस सर्विसेज दूसरे देशों से सस्ती हैं। इसलिए वैश्विक कंपनियों को अपनी कीमतें कम करने के लिए इनोवेशन का सहारा लेना होगा।*

**पांच वर्षों में 36 फीसदी की दर से बढ़ेगी**

डेलॉइट के अनुसार भारत का सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस मार्केट अगले पांच वर्षों में सालाना 36% की दर से बढ़ने और 2030 तक 1.9 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर स्पेस-बेस्ड इंटरनेट के जरिए ग्रामीण इलाकों को जोड़ने की दौड़ तेज हो रही है। अमेजॉन के कुईपर ने 10 अरब डॉलर के निवेश करने की योजना बनाई है। इसकी घोषणा 2019 में की गई थी। उसी साल स्पेसएक्स ने अपने पहले ऑपरेशनल स्टारलिंक सैटेलाइट्स को तैनात करना शुरू किया था।

**ऑर्बिट कनेक्ट को अप्रैल जून में मिली मंजूरी**

ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को सैटेलाइट आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अप्रैल और जून में जरूरी मंजूरी दी गई। इन-स्पेस ने कंपनी को यह अनुमति दी है। इससे कंपनी भारत के आकाश में सैटेलाइट्स को ऑपरेट कर सकती है लेकिन परिचालन शुरू करने के लिए उसे देश के दूरसंचार विभाग से और अधिक मंजूरियों की जरूरत है।

### वित्त मंत्री सीतारमण की अध्यक्षता में होगी बैठक

# जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को गेमिंग पर कर की समीक्षा की संभावना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है।

जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ' जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नयी दिल्ली में होगी। परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे।

**चुनाव के बाद परिषद की पहली बैठक**

बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है। लोकसभा चुनाव के बाद यह परिषद की पहली बैठक होगी। जीएसटी परिषद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए दांव के पूर्ण मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के फैसले की समीक्षा कर सकती है। यह कर एक अक्टूबर, 2023 से लागू हुआ था।

### गेमिंग पर किए गए मूल्यांकन की समीक्षा जरूरी

हालिया मुकदमों के कारण विभिन्न दर-संबंधी स्पष्टीकरण भी अपेक्षित हैं। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के भागीदार रजत बोस ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान और अक्टूबर, 2023 में पेश किए गए मूल्यांकन नियमों की समीक्षा जैसे प्रमुख उद्योग मुद्दों पर गौर करने की जरूरत है।

- गेमिंग क्षेत्र में 28 फीसदी जीएसटी की समीक्षा संभव
- परिषद की 53वीं बैठक 22 जून को नई दिल्ली में
- बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी सदस्यों को नहीं दी गई



**उपकर भी लगाया जाता है**

जीएसटी परिषद अपनी 22 जून की बैठक में प्रक्रिया को तेज करने और समिति द्वारा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समयसीमा निर्धारित करने का निर्णय ले सकती है। जीएसटी व्यवस्था में वर्तमान में 0, 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के पांच कर स्लैब हैं। विलासिता और अहितकर वस्तुओं पर उच्चतम 28 प्रतिशत कर दर के अलावा उपकर भी लगाया जाता है।

**दरों को तर्कसंगत बनाने की जरूरत**

डेलॉयट इंडिया की भागीदार एम एस मणि ने कहा कि परिषद को बहुप्रतीक्षित दरों को तर्कसंगत बनाने की चर्चा करनी होगी। उन्होंने कहा, '' इसके अलावा, प्राकृतिक गैस जैसे कम प्रभाव वाले पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में शामिल करने का प्रारंभिक प्रयास व्यवसाय के लिए अत्यधिक लाभकारी होगा।''

**पूरे दांव मूल्य पर 28 फीसदी कर लगेगा**

जुलाई और अगस्त में अपनी बैठकों में जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ को कर योग्य दावों (बेट) के रूप में शामिल करने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दी थी। साथ ही स्पष्ट किया था कि ऐसी आपूर्तियों के मामले में पूरे दांव मूल्य पर 28 प्रतिशत कर लगेगा।

**अप्रैल के बाद से कोई बैठक नहीं हुई**

उस समय कहा गया था कि कार्यान्वयन की समीक्षा छह महीने बाद यानी अप्रैल, 2024 में की जाएगी। चूंकि अप्रैल के बाद से जीएसटी परिषद की कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए परिषद की 22 जून की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के कराधान की समीक्षा की उम्मीद है।

**कर देयता पर विचार जारी**

केपीएमजी इन इंडिया के साझेदार एवं प्रमुख (अप्रत्यक्ष कर) अभिषेक जैन ने कहा कि अक्टूबर से पहले ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के लिए कर देयता, ईएसओपी की कर देयता, कॉरपोरेट गारंटी कर देयता सहित कई स्पष्टीकरणों पर विचार किया जा रहा है।

# देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार : सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- फिलहाल आयात शुल्क में बदलाव की कोई योजना नहीं
- बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए पर्याप्त भंडार

सरकार ने कहा है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने, कीमतों को स्थिर रखने के लिए और दयदि जरूरी हो, तो बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि अभी उसका इन अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है। विभाग ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, 'यह सुनिश्चित करने के लिए कि बेईमान तत्वों द्वारा कोई जमाखोरी न हो और कीमतें स्थिर रहे, आवश्यकतानुसार उचित हस्तक्षेप किया जाएगा।' रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन अनाज खरीदा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, जरूरत पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा।

**तिमाही बफर स्टॉक मानदंडों से नीचे नहीं गया**

तिमाही बफर स्टॉक साल भर अलग-अलग होता हैं। एक जनवरी, 2024 तक, गेहूं का स्टॉक 1.38 करोड़ टन के निर्धारित बफर मानदंड के मुकाबले एक करोड़ 63.5 लाख टन था। बयान में कहा गया है, 'गेहूं का स्टॉक कभी भी तिमाही बफर स्टॉक मानदंडों से नीचे नहीं गया है। इसके अलावा, वर्तमान में, गेहूं के आयात पर शुल्क संरचना को बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।'

# वोडाफोन आइडिया में हिस्सेदारी लेंगी नोकिया और एरिक्सन

- बकाया के रूप में 2458करोड़ रुपए की हिस्सेदारी लेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया (वीआईएल) ने अपने विक्रेताओं नोकिया इंडिया और एरिक्सन इंडिया को आंशिक बकाया चुकाने के लिए 2,458 करोड़ रुपये के शेयर आवंटित करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

वोडाफोन आइडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने कंपनी के अनुवर्ती निर्गम मूल्य की तुलना में करीब 35 प्रतिशत अधिक कीमत पर तरजीही शेयर आवंटन को मंजूरी दे दी है। यह छह महीने की 'लॉक-इन' अवधि के साथ आता है।

*वृद्धि यात्रा पर नोकिया आगे बढ़ रही वीआईएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अक्षय मूंदड़ा ने कहा, '' वीआईएल अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रही है...ऐसे में प्रमुख हितधारकों से समर्थन महत्वपूर्ण है।*

*दोनों की दीर्घकालिक साझेदारी: शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार, '' नोकिया और एरिक्सन दोनों की वीआईएल के साथ दीर्घकालिक साझेदारी में है, क्योंकि वे नेटवर्क उपकरणों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। इस तरजीही आवंटन से वीआईएल को अपने बकाया का कुछ हिस्सा चुकाने में मदद मिलेगी।''*

### पंच और नेक्सॉन ईवी को मिली पांच सितारा रेटिंग



**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स की पंच.ईवी और नेक्सॉन.ईवी पांच सितारा भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (भारत-एनसीएपी) रेटिंग पाने वाली पहले बिजलीचालित वाहन बन गए हैं। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'पंच.ईवी और नेक्सॉन.ईवी को पांच सितारा भारत एनसीएपी रेटिंग के लिए टाटा मोटर्स को बधाई। इस प्रकार वे भारतीय वाहन बाजार में पहली पांच सितारा रेटिंग वाली ईवी बन गईं। गडकरी ने कहा कि चूंकि इलेक्ट्रिक वाहन भारत में परिवहन के भविष्य की अगुवाई कर रहे हैं, इसलिए मजबूत भारत एनसीएपी रेटिंग उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित वाहनों का चयन करने में एक अमूल्य माध्यम के रूप में कार्य करती है, और यह वाहन में बैठे लोगों को प्रदान की जाने वाली उच्च स्तर की सुरक्षा का प्रमाण है।

# भारत का पाम तेल आयात मई में 74 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- आयात बढ़कर 7 .63 लाख टन पर
- भारत दुनिया का सबसे बड़ा वनस्पति तेल खरीदार

भारत का पाम तेल आयात इस साल मई में 74 प्रतिशत बढ़कर 7,63,300 टन पर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 4,39,173 टन था।

आयात बढ़ने की वजह दुनिया के इस सबसे बड़े वनस्पति तेल खरीदार द्वारा बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए इस जिंस (पामतेल) का स्टॉक करना था। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस साल मई में कुल वनस्पति तेल आयात बढ़कर 15.29 लाख टन हो गया, जो मई, 2023 में 10.58 लाख टन था। पाम तेल आयात का एक बड़ा हिस्सा है। इस साल मई में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 3,48,118 टन से बढ़कर 5,32,555 टन हो गया। हालांकि, कच्चे पाम कर्नेल तेल (सीपीकेओ) का आयात एक साल पहले के 5,850 टन से घटकर 4,999 टन रह गया।

सूरजमुखी तेल का आयात 2,95,206 टन से बढ़कर 4,10,727 टन हो गया और सोयाबीन तेल का आयात 3,18,887 टन से बढ़कर 3,24,016 टन हो गया।

**वैश्विक खाद्य तेल की कीमतों में उछाल**

एसईए ने कहा कि अर्जेंटीना, ब्राजील, रूस और यूक्रेन जैसे प्रमुख निर्यातक देशों से आपूर्ति व्यवधान के कारण पिछले महीने वैश्विक खाद्य तेल की कीमतों में उछाल आया। सोयाबीन और सूरजमुखी तेल की बढ़ती कीमतों ने घरेलू सरसों की कीमतों को सरकार के समर्थन स्तर 5,650 रुपये प्रति क्विंटल से ऊपर पहुंचा दिया।

# सेंसेक्स, निफ्टी ने छुआ नया रिकॉर्ड स्तर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से नीतिगत ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी का माहौल रहा और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी ने दिन में कारोबार के दौरान नए रिकॉर्ड स्तर को छू लिया।

कारोबारियों ने कहा कि पूंजीगत उत्पाद, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और औद्योगिक शेयरों में भारी खरीदारी ने भी सूचकांकों को आगे बढ़ाने में मदद की। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो एक साल का निचला स्तर है। दिन में कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 538.89 अंक उछलकर 77,145.46 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। बाद में यह 204.33 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,810.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 75.95 अंक की बढ़त के साथ 23,398.90 अंक पर बंद हुआ।



- महंगाई में नरमी से बाजार उत्साहित
- पूंजीगत उत्पाद, टिकाऊ उपभोक्ता सामान में खरीदारी बढ़ी

**लाभ के साथ बंद हुए ये शेयर**

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और नेस्ले सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

**ये शेयर रहे नुकसान में**

दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.89 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप में 0.79 प्रतिशत की तेजी रही।

**बाजार पूंजीकरण 431.67 लाख करोड़ रुपये**

बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का सामूहिक बाजार पूंजीकरण (एमकैप) भी 431.67 लाख करोड़ रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। इससे बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,31,67,541.81 करोड़ रुपये (5.17 लाख करोड़ डॉलर) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। दो दिनों में निवेशकों की संपत्ति में 4.72 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

# अंबुजा सीमेंट्स ने किया पेन्ना सीमेंट का अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने बृहस्पतिवार को 10,422 करोड़ रुपये के उपक्रम मूल्य पर पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) का अधिग्रहण करने की घोषणा की।

कंपनी ने बयान में कहा कि इस अधिग्रहण के लिए दोनों कंपनियों ने एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत अंबुजा सीमेंट्स पीसीआईएल के मौजूदा प्रवर्तक समूह पी प्रताप रेड्डी एवं परिवार से कंपनी के 100 प्रतिशत शेयर खरीदेगी। हैदराबाद स्थित पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण से अडाणी समूह की सीमेंट उत्पादन क्षमता में 1.4 करोड़ टन सालाना की बढ़ोतरी होगी।

- अधिग्रहण 10,442 करोड़ रुपए में किया गया

इसके साथ ही अडाणी समूह की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 8.9 करोड़ टन प्रति वर्ष हो जाएगी।

*अधिग्रहण से अदाणी समूह की हिस्सेदारी बढ़ी: बयान के मुताबिक, इस अधिग्रहण से सीमेंट बाजार में अडाणी समूह की अखिल भारतीय हिस्सेदारी दो प्रतिशत और दक्षिण भारत में आठ प्रतिशत बढ़ जाएगी।*

*अदाणी के लॉजिस्टक्स को मिलेगी मजबूती : इस अधिग्रहण से अडाणी समूह के समुद्री परिवहन लॉजिस्टिक्स को भी मजबूती मिलेगी। इसके तहत प्रायद्वीपीय भारत में सेवा देने के लिए कोलकाता, गोपालपुर, कराईकल, कोच्चि और कोलंबो में पांच बल्क सीमेंट टर्मिनल खोले जाएंगे।*

### विशेषज्ञों ने व्यवस्था में बदलाव की वकालत की

# देश को विकसित बनाने कर दरें कम करने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर निर्धारण को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कर दरों में कटौती और आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि करने की जरूरत है।

- आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि की

विशेषज्ञों ने यह बात कही है। उन्होंने कर दरों को कम करने, कर-भुगतान आधार को बढ़ाने और इस प्रकार भारत की निवेश तथा विकास आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए साधन बनाने पर ध्यान देते हुए कर दरों से राजस्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

*मध्यम कर दरों की वकालत की गई : ईवाई इंडिया के वरिष्ठ साझेदार सुधीर कपाड़िया ने कहा, 'पारंपरिक उच्च कर दरों के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कर उछाल नहीं आया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत में 1991 के बाद से सरकारों ने स्पष्ट रूप से मध्यम कर दरों की वकालत की है जिससे अधिक पारदर्शिता तथा अनुपालन को बढ़ावा मिलता है।'*




**प्रति व्यक्ति आय कम होने से आयकरदाता कम**

सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकनॉमिक्स के पुलिन बी. नायक ने कहा, 'भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में है। प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण आयकरदाता कम हैं। कर की दरें बहुत अधिक रखना भी एक अनुचित विचार है क्योंकि इससे कर चोरी को बढ़ावा मिलेगा ...।'

**असंगठित क्षेत्र का योगदान 30 से 35 फीसदी**

थॉट आर्बिट्रेज रिसर्च इंस्टिट्यूट के निदेशक कौशिक दत्ता ने 'थिंक चेंज फोरम' द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि भारत का कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात एक संपन्न असंगठित क्षेत्र की उपस्थिति से प्रभावित है, जो अब भी अर्थव्यवस्था में 30 से 35 प्रतिशत का योगदान देता है।

*कर चोरी भी एक बड़ी चुनौती*

*दत्ता ने कहा, 'सरल जीएसटी व्यवस्था से वे औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकेंगे, 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' ले सकेंगे और प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। वर्गीकरण के मुद्दों के साथ-साथ कर चोरी भी एक बड़ी चुनौती है...एक अन्य क्षेत्र जिसमें जीएसटी सफल नहीं हो पाया है, वह है ई-कॉमर्स... चुनौतियां हैं और उनका समाधान किया जाना चाहिए।'*

*कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बड़ी प्राथमिकता : नायक ने कहा कि कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इससे सरकार सार्वजनिक वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र पर खर्च करने में सक्षम होगी। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्निर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कराधान में सुधार समय की मांग है।*

# खांडू बने सीएम तो 20 साल बाद राज्य में पहली महिला कैबिनेट मंत्री बनीं दासंगलू

एजेंसी ▶▶ ईटानगार

भारतीय जनता पार्टी के नेता पेमा खांडू ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह ईटानगर के दोरजी खांडू सम्मेलन केन्द्र में हुआ। चौना मीन ने अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

भव्य शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, किरण रिजिजू और असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा समेत कई वीआईपी शामिल रहे। खांडू लगातार तीसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने है। खांडू के साथ 11 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट पर जीत हासिल कर लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में वापसी की है।

## पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह भी रहे मौजूद, चौना मीन बने उपमुख्यमंत्री




### दासंगलू 2016 में बनी थीं विधायक



करीब 20 साल बाद पहली बार अरुणाचल प्रदेश में किसी महिला विधायक को कैबिनेट मंत्री बनाया गया। हयुलियांग विधानसभा सीट से भाजपा की महिला विधायक दासंगलू पुल को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। दासंगलू पुल 2016 में अरुणाचल प्रदेश विधान सभा चुनाव में हयुलियांग से पहली बार विधायक चुनी गई थी। दासंगलू पुल पेमा खांडू कैबिनेट में मंत्री के रूप में शामिल होने वाली पहली महिला बन गई हैं।

### हयुलियांग विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध चयनित

दासंगलू पुल अरुणाचल प्रदेश की दूसरी महिला कैबिनेट मंत्री हैं। कोमली मोसांग राज्य की पहली महिला मंत्री थीं। दासंगलू पुल अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कलिखो पुल की पत्नी हैं। इस चुनाव में दासंगलू पुल को हयुलियांग विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध चुना गया है। लोक जन शक्ति पार्टी के थाकजेलियम टिंड्या और कांग्रेस के बाफुत्सो क्रोंग ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे दासंगलू पुल की निर्विरोध जीत तय हो गई।

### विवादों में भी रहीं

26 अप्रैल 2023 को गुवाहाटी हाई कोर्ट ने 2019 पुल की चुनावी जीत को उनके चुनाव की जानकारी छुपाने के कारण अमान्य घोषित कर दिया। उनके प्रतिद्वंद्वी लुपालम क्रि द्वारा दायर याचिका पर अमान्य करने का फैसला सुनाया था।लुपालम क्रि ने आरोप लगाया था कि उन्होंने नामांकन फॉर्म में अपने दिवंगत पति की संपत्तियों का खुलासा नहीं किया था। हाई कोर्ट ने इस आधार पर आदेश दिया कि दासंगलू पुल का नामांकन नियम के अनुसार नहीं था। इसे खारिज किया जा सकता था। हालांकि 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया।

### मुख्यमंत्री खांडू सबसे अमीर मंत्री

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 2024 में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले शीर्ष तीन उम्मीदवारों में खुद मुख्यमंत्री पेमा खांडू शामिल थे। पेमा खांडू ने अपनी संपत्ति 332 करोड़ घोषित की है। नई सरकार के गठन के बाद पेमा खांडू सबसे अमीर मंत्री भी बन गए हैं । इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने भी अपनी संपत्ति का खुलासा किया है।

## खबर संक्षेप

### 22 को होगी नई सरकार की जीएसटी की मीटिंग



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को होगी। यह 53वीं बैठक है। अभी तक बैठक के एजेंडा की जानकारी काउंसिल के सदस्यों को नहीं दी गई है। आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद की यह पहली बैठक है। जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक 7 अक्टूबर, 2023 को आयोजित हुई थी।

### अपने घर पर मृत मिले साउथ अभिनेता प्रदीप



**पलवक्कम।** साउथ अभिनेता प्रदीप के विजयन 12 जून को अपने पलवक्कम स्थित घर में मृत पाए गए थे। अभिनेता के दोस्त पिछले दो दिनों से उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे थे, जब उनका फोन नहीं उठा तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया, जिन्होंने उन्हें मृत पाया। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

### ग्रेटर नोएडा के फ्लैट में आग, सामान खाक



**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिला के ग्रेटर नोएडा के ग्रेनो वेस्ट स्थित गौर सिटी एक की 6 एवेन्यू सोसायटी में एसी ब्लास्ट के बाद फ्लैट में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया।गौर सोसायटी में फ्लैट संख्या 18 में आलवेज बी फिट के नाम से योगा सेंटर है। सोसायटी की रेखा सिंह महिलाओं को योगा सिखाती हैं।

### बचाओ-बचाओ करते-करते खामोश हो गईं 5 जिंदगियां



**गाजियाबाद।** यहां के लोनी के बेहटा हाजीपुर गांव में पार्किंग ठेकेदार सारिक के दो मंजिला मकान में बुधवार रात भीषण आग लग जाने से दो मासूम बच्चे और दो महिलाओं समेत पांच लोग जिंदा जल गए। ये पांचों धुएं की वजह से बाहर नहीं निकल सके। रात 12 बजे शव निकाले गए। एक युवती और एक बच्चा झुलस गए हैं। आग की वजह शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### संदेशखाली मुद्दे पर पहला आरोप-पत्र दायर



**कोलकाता।** संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमले के मामले में सीबीआई ने तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और पांच अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश में आरोपपत्र दाखिल किया है। करोड़ों रुपए के राशन वितरण घोटाले में शेख के घर छापा मारने गई ईडी की टीम पर भीड़ ने हमला किया था।

## शीर्ष अदालत ने कहा -हमारे पास फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं

# अपर यमुना रिवर बोर्ड से दिल्ली जल संकट को 'जल्द' सुलझाने को कहा

*दिल्ली जल संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल संकट विवाद से किनारा कर लिया है। कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल के बंटवारे से संबंधित मुद्दा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट के पास फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं है।

कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वे गुरुवार शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड के समक्ष अपनी मांग रखे। बता दें कि दिल्ली जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा है कि उनके पास दिल्ली को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। दिल्ली सरकार ने आज (गुरुवार) सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में कहा है कि वो टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि टैंकर माफिया यमुना के दूसरे किनारे से पानी ले रहे हैं जो हरियाणा में पड़ता है।



### बोर्ड को दिया निर्देश

कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड को निर्देश दिया कि वो दिल्ली सरकार का आवेदन मिलने के बाद कल शाम बैठक कर इस मामले को जितना जल्द हो सके सुलझाएं। अगर जरूरत पड़ी तो अपर यमुना रिवर बोर्ड रोजाना बैठक कर सकती है।

### दिल्ली ने दायर किया हलफनामा

दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में कहा है कि वो टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि टैंकर माफिया यमुना के दूसरे किनारे से पानी ले रहे हैं जो हरियाणा में पड़ता है। दिल्ली सरकार ने कहा है कि अदालत इस मामले में हरियाणा से पूछे कि कार्रवाई क्यों नहीं की गई। दरअसल, कल 12 जून को सुप्रीम कोर्ट ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई थी।

### पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या कदम उठाए ?

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने दिल्ली सरकार से कहा था कि अगर टैंकर माफिया के खिलाफ आप कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम दिल्ली पुलिस को आदेश देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को हलफनामा दाखिल कर ये बताने को कहा है कि पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं।

### दिल्ली सरकार ने सीमावर्ती राज्य से अतिरिक्त पानी मांगा

दिल्ली सरकार की याचिका में दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी दिए जाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कहा था कि दिल्ली की पानी की जरूरत बढ़ गई है। ऐसे में देश की राजधानी में पानी की जरूरत पूरा करना सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए सीमावर्ती राज्य अतिरिक्त पानी दिल्ली को दें।

### दिल्ली जल बोर्ड 1000 टैंकर चला रहाः आतिशी



राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के बीच, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने एडीएम, एसडीएम और तहसीलदारों की टीम के साथ अक्षरधाम के पास जल वितरण नेटवर्क का निरीक्षण किया। अतिशी ने मीडिया से कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने टैंकर के विषय को उठाया था और हमने उसपर रिपोर्ट फाइल की है लेकिन आज के दिन में दिल्ली जल बोर्ड 1000 टैंकर चला रहा है, अवैध टैंकर रोकने की जरूरत है लेकिन उसे रोकने से भी 40 एमजीडी की पानी की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है।

### राजकोट हादसाः बड़ी मछलियों पर कार्रवाई कब?



**अहमदाबाद।** गुजरात हाइकोर्ट ने राजकोट अग्निकांड पर सरकार को फटकार लगाई है।एसआईटी के अलावा विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि 15 दिन में एक फैक्ट फाइडिंग रिपोर्ट दी जाए, जिसमें किसने लापरवाही की, किसकी क्या भूमिका रही, कौन जिम्मेदारी नहीं निभा रहा था, इन सभी प्रश्नों के जवाब शामिल होने चाहिए। मोरबी हादसे और हरिणी लेक हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि बड़ी मछलियों पर कार्रवाई कब होगी?

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

# यौन उत्पीड़न में मर्द ही हमेशा गलत नहीं होता



एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद

यौन उत्पीड़न के एक मामले की सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि भले ही कानून महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए बने हैं, लेकिन मर्द ही हमेशा गलत नहीं होता।

कोर्ट ने शादी के झूठा वादा करके यौन उत्पीड़न करने के आरोपों की सुनवाई करते हुए यह बात कही। सारे तथ्यों के सामने आने के बाद अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में केस को साबित करने की जिम्मेदारी आरोपी और शिकायतकर्ता दोनों पर होती है। जस्टिस राहुल चतुर्वेदी और जस्टिस नंद प्रभा शुक्ला ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यौन उत्पीड़न से जुड़े कानून महिला केंद्रित हैं। इनका उद्देश्य महिलाओं की गरिमा-सम्मान की रक्षा करना है। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि हमेशा मर्द ही गलत नहीं होते।

### शादी के वादे पर यौन संबंध बनाता

अदालत ने आरोपी को बरी किए जाने के खिलाफ दायर अर्जी पर यह बात कही। आरोपी पर एससी-एसटी ऐक्ट के तहत भी केस दर्ज हुआ था। पीड़िता ने 2019 में केस दर्ज कराया था और कहा था कि आरोपी उसके साथ यौन संबंध बनाता रहा और वादा किया था कि शादी करेगा। लेकिन बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया। महिला ने आरोप लगाया था कि उस शख्स ने जातिसूचक शब्द कहे थे।

### महिला पहले से ही शादीशुदा थी

आरोपी शख्स के खिलाफ 2020 में चार्जशीट दाखिल की गई थी। ट्रायल कोर्ट ने 2023 में आरोपी शख्स को रेप केस से बरी कर दिया था। आरोपी का कहना था कि दोनों के बीच सहमति से संबंध बने थे। उसने महिला से शादी करने से तब इनकार कर दिया था, जब उसे पता चला कि वह 'यादव' बिरादरी से नहीं है, जैसा कि उसने दावा किया था। यही नहीं पूरे मामले की पड़ताल के बाद अदालत ने पाया कि आरोप लगाने वाली महिला की पहले भी 2010 में किसी शख्स से शादी हुई थी, लेकिन दो साल बाद ही वह अलग रहने लगी थी।

## बिजनौर के हीमपुर दीपा की घटना

# बेटे को फावड़े से काटा... जलाया आखिरकार लकड़ियों पर जलाया

एजेंसी ▶▶ बिजनौर

चार साल के इकलौते बेटे को मां ने फावड़े से काटा, नहीं मरा तो उसे गैस के चूल्हे पर जलाया, नहीं जला तो फिर लकड़ियों में आग लगाकर जिंदा जलाने लगी..... ये कोई कहानी नहीं बल्कि बिजनौर में हुई एक ऐसी ही सच्ची घटना है।

ऐसी वारदात जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते।संतान की बात आती है तो मां मौत से भी लड़ जाती है। बिजनौर में भी ऐसा ही कुछ हुआ। यह वारदात है बिजनौर के हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र की है।



जलालपुर हसना में मां ने मासूम बेटे की हत्या कर दी। उसने बेटे को पहले फावड़े से काटने की कोशिश की, नहीं कटा तो उसको गैस के चूल्हे पर रख कर जलाने की कोशिश की। बच्चे की जान फिर भी नहीं निकली तो लकड़ियों का ढेर बनाया उसमें आग लगा दी।

## सफाईकर्मी भर्ती में ले रही थीं पैसा


# सड़कों पर झाड़ू लगाई, डिप्टी कलेक्टर बनीं, घूस लेते धरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान के जोधपुर में सड़कों पर झाड़ू लगाने वाली आशा कंडरा ने 2021 में डिप्टी कलेक्टर बनकर खूब सुर्खियां बटोरी थी। जयपुर में तैनात आशा को 12 जून को राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 1 लाख 75 हजार रुपए घूस लेते पकड़ा। एसीबी को जानकारी मिली थी कि वह सफाईकर्मी भर्ती के लिए लोगों से पैसे ले रही थीं।

## राजनाथ और नायडू ने कार्यभार संभाला





**नई दिल्ली।** राजनाथ सिंह ने रक्षा और किंजरापु राममोहन नायडू ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कार्यभार संभाला।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज किया

# सरकार ने नकारा, कांग्रेस बोली-सीबीआई जांच हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट- यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसका कोई प्रमाण नहीं है। वहीं, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि मोदी सरकार इस स्कैम पर कोई भी चर्चा नहीं कर रही है।

अब इस मामले में हम सीबीआई जांच की मांग करते हैं। सरकार इस जरूरी मामले से भाग रही है, वो चर्चा भी नहीं करना चाहती है। जिस एजेंसी के नेतृत्व में ये स्कैम हुआ, अब उसी को जांच की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को मेडिकल एंट्रेस एग्जाम नीट-यूजी में पेपर लीक के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसका कोई सबूत नहीं है।

*नीट परीक्षा पर सियासत गरमाई, तकरार बढ़ी*

### सरकार के कामकाज पर कांग्रेस का प्रश्नचिह्न?





### सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मानना है कि नीट परीक्षा की जांच की मांग के प्रति भाजपा सरकार का रवैया गैरजिम्मेदाराना और असंवेदनशील है। हम इस पूरे घोटाले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग करते हैं।

### गोगोई ने सरकार के रवैए पर उठाए सवाल

*गोगोई ने कहा कि कि कांग्रेस पार्टी का मानना है कि नीट परीक्षा की जांच की मांग के प्रति भाजपा सरकार का रवैया गैरजिम्मेदाराना और असंवेदनशील है। हम इस पूरे घोटाले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग करते हैं। इससे करीब 24 लाख छात्र प्रभावित हुए हैं। नीट घोटाले पर ध्यान देने के बजाए प्रधानमंत्री मोदी शपथ समारोहों में भाग लेने और विदेश यात्राओं पर जाने में व्यस्त हैं। इंडी गठबंधन इन छात्रों के मुद्दे को उठाएगा।*

## ओडिशा सरकार ने निभाया वादा

# पूजा कर जगन्नाथ पुरी मंदिर के चारों द्वार खोल दिए गए

एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा में समुद्र तट पर स्थित विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार गुरुवार सुबह प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में खोल दिए गए। बुधवार को ओडिशा कैबिनेट ने चारों द्वारों को खोलने का प्रस्ताव पारित किया था।

सीएम मोहन चरण माझी ने मंदिर में पूजा की। इस दौरान पुरी के सांसद संबित पात्रा, बालासोर के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और अन्य उपस्थित रहे। माझी ने कहा कि कैबिनेट में जगन्नाथ मंदिर के 4 द्वारों को खोलने के लिए हमने प्रस्ताव



रखा था और वो प्रस्ताव पारित हुआ। आज सुबह प्रशासन की उपस्थिति में 4 द्वारों को खोला गया। माझी ने जगन्नाथ मंदिर में पूजा की। इस दौरान पुरी के सांसद संबित पात्रा, बालासोर के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और पार्टी के अन्य नेता भी साथ रहे। अन्य उपस्थित लोग 'जय जगन्नाथ' का उद्घोष कर रहे थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मोः 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)